इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्व स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -210 | राजनांदगांव, सोमवार 17 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

## नीट 2024: एनटीए को लेकर खुलकर बोले शिक्षा मंत्री, दोषियों को मिलेगी सजा, छात्रों के हितों से नहीं होगा कोई समझौता



नई दिल्ली। मेडिकल में दाखिले में जुड़ी परीक्षा नीट-यूजी में गड़बड़ियों के आरोपों पर अब तक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को क्लीन चिट दे रहे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अब एजेंसी को लेकर खुलकर नाखुशी सामने आई है। उन्होंने नीट परीक्षा को लेकर सामने आ रही गड़बड़ियों पर न सिर्फ एनटीए को आड़े हाथों लिया है, बल्कि कहा है कि एनटीए हो या कोई हो, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों को भरोसा दिया कि उनके हितों से कोई समझौता नहीं होगा और जो भी दोषी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने एनटीए को भी आड़े हाथों लिया। छात्रों-अभिभावकों से चर्चा करने और एनटीए की ओर से ग्रेस मार्क्स देने के फैसले से पीछे हटने के बाद शिक्षा मंत्री के रूख में भी बदलाव देखने को मिला है।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में है, जो भी दोषी होंगे उन्हें बख्शेंगे नहीं। प्रधान ने रविवार को जारी बयान में छात्रों को भरोसा दिया कि वह उनके हितों से कोई समझौता नहीं करेंगे। हालांकि, इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने नीट-यूजी गड़बड़ियों से जुड़े आरोपों पर एनटीए को क्लीन चिट दी थी और उसे विश्वसनीय संस्था बताया था। लेकिन इस बयान के अगले दिन ही छात्रों-अभिभावकों से चर्चा करने और एनटीए की ओर से ग्रेस मार्क्स देने के फैसले से पीछे हटने के बाद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### मंत्रालय ने माना- कुछ गड़बड़ी तो हुई है

मंत्रालय से जुड़े सूत्रों की मानें तो हरियाणा, बिहार व गुजरात में परीक्षा के दौरान जिस तरह की गड़बड़ी सामने आई है, उसके बाद मंत्रालय भी यह मानने लगा है कि कुछ गड़बड़ी तो हुई है। प्रधान ने भी शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा में बताया था कि एक-दो केंद्रों में गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। इसकी जांच चल रही है।

### नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी पर कपिल सिब्बल ने लगाए आरोप, कहा- पीएम मोदी की चुप्पी ठीक नहीं



नई दिल्ली। नीट में हुई कथित धांधली को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर दिख रहा है। समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने नीट परीक्षा पर उठ रहे विवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस कथित गड़बड़ी पर पीएम मोदी का चुप रहना ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इस मामले की जांच होनी चाहिए। समाचार एजेंसी को सिब्बल ने इंटरव्यू देते हुए कहा कि मुद्दा नीट परीक्षा नहीं है। यह मुद्दा भ्रष्टाचार का है। हमने उत्तर प्रदेश में पेपर लीक होते देखा है। अब यह हम पूरे देश में होते देख रहे हैं। यदि किसी परीक्षा में परीक्षण प्रणाली भ्रष्ट हो जाती है, तो प्रधानमंत्री के लिए चुप रहना अच्छा नहीं है।

## संसद भवन परिसर में मूर्तियों की जगह बदलना सरकार की मनमानी : खडगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने संसद भवन परिसर में प्रमुख नेताओं की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थान से हटाकर दूसरी जगह स्थापित करने को संसदीय नियमों और परंपराओं का उल्लंघन करार देते हुए कहा है कि इस मामले में सरकार ने किसी से विचार विमर्श किए बिना मनमानी की है।

श्री खडगे ने कहा संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर समेत कई महान नेताओं की मूर्तियों को प्रमुख स्थानों से हटाकर बिना किसी परामर्श के मनमाने ढंग से कोने में स्थापित कर दिया गया है और यह हमारे लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। पूरे संसद भवन में लगभग 50 ऐसी मूर्तियाँ हैं। संसद भवन परिसर में प्रत्येक मूर्ति का स्थान विशेष महत्व रखता है।

उन्होंने कहा पुराने संसद भवन के ठीक सामने स्थित ध्यान मुद्रा में महात्मा गांधी की प्रतिमा भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अत्यधिक महत्व रखती है। सदस्यों ने अपने भीतर महात्मा की भावना को आत्मसात करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह वह स्थान है जहां सदस्य अक्सर अपनी उपस्थिति से शक्ति प्राप्त करते हुए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन करते थे। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा भी एक सुविधाजनक स्थान पर रखी गई थी। बाबा साहब की यह मूर्ति सांसदों की पीढ़ियों को संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों को दृढ़ता से बनाए रखने का संदेश देती है। संयोग से 60 के दशक के मध्य में अपने छात्र जीवन के दौरान मैं संसद भवन परिसर में बाबासाहेब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग में सबसे आगे था। गहन विचार विमर्श के बाद और सबके प्रयास से बाबासाहेब की प्रतिमा सही और सबकी सुविधा वाली जगह पर स्थापित की गई थी। इससे बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने वाले लोगों की आवाजाही में भी सुविधा हुई।

श्री खडगे ने कहा यह सब अब मनमाने और एकतरफ़ा तरीके से उठाया गया कदम है।संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय नेताओं और सांसदों के चित्रों और मूर्तियों को स्थापित करने के लिए एक समिति है जिसे 'संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय नेताओं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शाह ने मीटिंग में कहा- आतंकवाद को कुचलें, मददगारों को भी न बख्शें; अमरनाथ यात्रा रूट पर कड़ी सुरक्षा हो




नई दिल्ली। कश्मीर घाटी के मॉडल पर जम्मू में भी आतंकवाद का सफाया होगा। गृह मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में गृहमंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को जम्मू में भी दोहराने का निर्देश दिया।

शाह ने साफ किया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक दौर में है और अब यह एक संगठित बड़ी आतंकी हिंसक घटनाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सिमट गया है। लेकिन इसे समूल उखाड़ फेंकना होगा और इसके लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों को समन्वय के साथ काम करना होगा। बैठक में शाह के साथ ही एनएसए अजीत डोभाल, रॉ के प्रमुख रवि सिन्हा, आईबी प्रमुख तपन डेका, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय, नामित सेनाध्यक्ष लेफ्टनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू और कश्मीर दोनों भागों के कोर कमांडर समेत केंद्र व राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### जीरो टालरेंस की नीति कायम रहेगी

लगभग साढ़े चार घंटे तक चली बैठक में अमित शाह ने जम्मू इलाके में आतंकवाद को समूल नष्ट करने की रणनीति बनाने के साथ-साथ 29 जून से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा तैयारियों की भी समीक्षा की। शाह ने साफ कर दिया कि मोदी 3.0 में भी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति कायम रहेगी और सरकार आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सभी एजेंसियों की तरह से दिये गए प्रजेंटेशन के बाद शाह ने आतंकियों के खिलाफ पुराने तरीके से कार्रवाई के बजाय इनोवेटिव तरीका अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए शाह ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने को कहा और समन्वित तरीके से आतंकियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वर्तमान-भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा संसद भवन का प्रेरणा स्थल



नयी दिल्ली। सत्रहवीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि मौजूदा समय में संसद भवन के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है और इसी के तहत परिसर में अलग-अलग जगहों पर लगी हुई महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाकर प्रेरणा स्थल (बीजी-7, संविधान सदन के सामने) बनाया गया है, जो वर्तमान और आने वाली पी?ियों के लिए प्रेरणादायी होगा।

श्री बिरला ने रविवार को यहां बताया कि भारत दुनिया का सबसे ब?ा लोकतंत्र है और इसके संसद का आने वाले समय में विश्व का सबसे अच्छा संसद भवन परिसर होगा। इसको लेकर कई बदलाव किये जा रहे हैं। इसी बदलाव के तहत संसद भवन में अलग-अलग स्थानों में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाया गया है और उस स्थल का नाम प्रेरणा स्थल रखा गया है, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा।

उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल संसद भवन को देखने आने वाले लोगों को रोमांचित करेगा क्योंकि अब उन्हें यहां प्रत्येक महापुरुषों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल पर लगी हरेक महापुरुष की प्रतिमा के साथ उनके बारे जानकारी उपलब्ध करायी गयी है।

इस दौरान उन्होंने संसद भवन लगीं महापुरुषों की प्रतिमाओं को हटाने के विपक्षी दलों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, ÷संसद भवन में लगी किसी भी महापुरुष की प्रतिमा को हटाया नहीं गया है, बल्कि संसद भवन में अलग-अलग जगहों पर लगीं महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाकर उनके बारे में लोगों की विस्तृत रूप से जानकारी मुहैया कराने का काम किया गया है। अब आगंतुक प्रत्येक प्रतिमा के पास ही उस महापुरुष की कीर्ति और शौर्य के बारे में जानकारी हासिल कर पाएंगे। ÷

गौरतलब है कि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को निर्धारित स्थान से हटाकर सरकार उनके आवाज के दबाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि विपक्षी दल जनता की आवाज को उठाने और सरकार के कदम के खिलाफ अपना विरोध जताने के लिए यहां पर धरना-प्रदर्शन करते थे।

श्री बिरला ने इस मुद्दे पर कहा कि विपक्षी दलों की जनता के मुद्दों को उठाने और अपना विरोध जताने के लिए संसद भवन में पर्याप्त स्थान है, वे वहां अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि संसद भवन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईवीएम बन गया 'ब्लैक बॉक्स', इसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं - राहुल



नयी दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़खानी की बात हमारी चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करती है और यह भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि ईवीएमएवं एक ऐसा ब्लैक बॉक्स बन गया है जिसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं है और यही हमारी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

श्री गांधी ने कहा, भारत में ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' हैं और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है। कांग्रेस पार्टी ने कहा, ईवीएम से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। मुंबई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार रवींद्र वायकर के रिश्तेदार का मोबाइल फोन ईवीएम से जुड़ा था। राजग के इस कैंडिडेट की जीत सिर्फ 48 वोट से हुई है। पार्टी ने सवाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से की मुलाकात



नई दिल्ली। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मेरी शिष्टाचार मुलाकात हुई. उन्होंने मेरे साथ अपने जीवन के कई मूल्यवान अनुभव साझा किए. हम सभी मिलकर देश के लिए काम करेंगे.

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को नई लोकसभा सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की. किरेन रिजिजू ने खड़गे से यह मुलाकात उनके आधिकारिक निवास 10, राजाजी मार्ग पर की. इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया.

रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मेरी शिष्टाचार मुलाकात हुई. उन्होंने मेरे साथ अपने जीवन के कई मूल्यवान अनुभव साझा किए. हम सभी मिलकर देश के लिए काम करेंगे.

संसदीय कार्य मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद रिजिजू ने सरकार और विपक्ष के बीच सहयोग की जरूरत पर जोर दिया था. उन्होंने संसद के सुचारू संचालन के लिए विपक्ष से सहयोग की अपील करते हुए समृद्ध लोकतांत्रिक परंपरा की बात कही थी. उन्होंने कहा था कि सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, संख्या बल के आधार पर एक-दूसरे को नीचे गिराने की कोशिश से बचा जाए.

18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने वाला है. इस सत्र के दौरान नवनिर्वाचित संसद सदस्य शपथ लेंगे और लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा. वहीं, 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी. 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का समापन 3 जुलाई को होगा.

## यूपी में बड़ा हादसा: गंगा दशहरा पर स्नान करने गए चार बच्चियों सहित पांच की मौत, परिवारों में पसरा मातम



अलीगढ़। आज को गंगा दशहरा पर गंगा में स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने से चार बच्चियों सहित पांच की मौत हो गई। इनमें से दो चचेरी बहनों सहित तीन बच्चियां पॉलीमुकीमपुर थाने के गांव दीनापुर में डूबीं। एक बच्ची सांकरा गंगा घाट में और एक युवक नरौरा में गंगा स्नान करते हुए डूबा।

बिजौली संवाद सूत्र के अनुसार दीनापुर गांव निवासी रूबी (9) पुत्री सत्यपाल, दामिनी (10) पुत्री महेंद्र और राजश्री (7) पुत्री दीपक निवासी मथुरा दोपहर करीब गांव के बाहर गंगा नदी के कच्चे घाट पर स्नान करने गई थीं। साथ में गांव का ही एक लड़का था। दोपहर में करीब दो बजे गंगा नदी में स्नान करते समय एक बच्ची डूबने लगी। इस पर उसे बचाने की कोशिश में तीनों ही गहराई में चले जाने से डूब गईं। पास ही पशु चरा रहे एक लड़के ने शोर मचाया तो गांव के राजवीर दौड़कर वहां पहुंचे और तीनों को खोजकर पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी सासें थम चुकी थीं। रूबी और दामिनी चचेरी बहनें थीं, जबकि राजश्री उनकी बुआ की बेटी थी।

अतरौली के गांव उस्मानपुर निवासी 18 वर्षीय आलोक कुमार पुत्र विजेंद्र सिंह गांव के ही कुछ लोगों के साथ गंगा दशहरा पर नरौरा में गंगा स्नान करने गए थे। वहां पर स्नान करते समय गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गए। साथियों के शोर मचाने पर लोगों ने गोताखोरों को बुलाया। काफी देर तक प्रयास के बाद आलोक का शव ही पानी के बाहर आ सका। दादों क्षेत्र में सुबह करीब 10 बजे सांकरा निवासी 4 वर्षीय सौम्या पुत्री चोब सिंह स्नान करते समय गहरे पानी में चले जाने से डूब गई। उसे डूबता देखकर परिवार के लोगों ने तत्काल प्रयास कर बाहर निकाला, लेकिन शरीर के अंदर पानी भरने से उसकी हालत बिगड़ गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए छर्रा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई तेज, जवानों की शहादत नहीं जाएगी बेकार- साय



मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कांधा देकर गृहग्राम जशपुर के लिए किया रवाना

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज चौथी बटालियन माना पहुंचकर गत दिवस नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान नितेश एक्का के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर ससम्मान गृह ग्राम जशपुर जिले के चिरईडांड के लिए रवाना किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुए नक्सली मुठभेड़ में हमारे वीर जवान ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारी सरकार बनते ही हमने नक्सलियों के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है और हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी और हम क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान शहीद जवान नितेश एक्का के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

गौरतलब है कि एसटीएफ के शहीद आरक्षक नितेश एक्का जशपुर जिले के रहने वाले थे। पिछले 12 जून को नारायणपुर जिले के फरसबेड़ा-धुरबेड़ा क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ का संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुआ था। अभियान के दौरान 15 जून को नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और जवाबी कार्यवाही में 08 माओवादियों को मार गिराया गया। इस दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए और एक जवान शहीद हो गया।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।
-: बग्गा ट्रेवल्र्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

## लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में टीडीपी को समर्थन देगा इंडिया गठबंधन: संजय राउत



नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के मंत्रिमंडल गठन और विभागों के बंटवारे के बाद अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर टिक गई है।24 जून लोकसभा सत्र के पहले दिन अध्यक्ष पद का चुनाव किया जाएगा।इस बीच इंडिया गठबंधन में शामिल शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अगर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को यह पद न मिलता है तो इंडिया गठबंधन उसका समर्थन करेगा।

राउत ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए लड़ाई अहम है। सरकार स्थिर नहीं है। हमने सुना है कि चंद्रबाबू नायडू ने अध्यक्ष पद मांगा है। अगर एनडीए के उम्मीदवार को यह पद नहीं मिला तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह टीडीपी, जेडीयू और एलजेपी को तोड़ सकते हैं। अगर चंद्रबाबू नायडू को यह पद नहीं मिलता है तो हम ये सुनिश्चित करेंगे कि उनके उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन मिले। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चौपाटी के सड़े पानी से प्रदूषित हो रहा आसपास का माहौल



राजनांदगांव (दावा)। शहर में बारिश के पूर्व नाले-नालियों की साफ-सफाई तालाब-पोखर में जमा हुआ कचरे-गंदगी उठाव अब तक नहीं हो पाया है। कुछ नाले-नालियों को छोड़ दे तो शहर के बड़े-नाले अभी भी कचरे से जाम पड़े है। इसी तरह की स्थिति रानी सागर के निकट चौपाटी की भी है। चौपाटी के एक भाग में जल कुंभियों का जाल बिछा हुआ है वही लक्ष्मण झूले के पास का नाला कचरा से जाम पड़ा हुआ है। उक्त चौपाटी में न जाने किस सन्-संवत से पानी भरा पड़ा है जिसे बदला नहीं गया है। जिसके चलते उक्त पानी से बदबू उठने लगी है। चौपाटी में बने उक्त ताल में कचरा-गंदगी समाने व जलकुंभियों के जाल होने के कारण वहां का पानी सड़ चुका है। जिससे असहयनीय बदबू उठ रही है। इससे वहां से गुजरने वालों को नाक में रूमाल

**○ तेज बदबू के कारण लोगों के नाक में दम**
**○ चौपाटी की ओर जाने से लोगों ने किया परहेज**

रख लेनी पड़ रही है। आलम यह है कि चौपाटी के उस दूषित पानी से उड़ने वाली बदबू के कारण कई लोग उधर जाने से परहेज करने लगे है। बता दे कि जब चौपाटी से निगम को आय होती है। इसके बाद भी इसके रखरखाव भी ठीक तरह से नहीं हो पा रहा। सबसे बड़ी बात यह कि चौपाटी के निकट ही सर्किट हाउस है। जहां नेता, मंत्री आदि विशिष्ट जनों का आगमन बना रहता है। चौपाटी से उठ रही उक्त दुर्गन्ध इन विशिष्ट जनों पर संस्कारधानी कही जाने वाली नगरी का क्या इमेज बनेगी, इसे सोंचा जा सकता है। बता दे कि बीते दिनों वहां मरी मछलियां के उफले होने का समाचार प्रकाशित किया गया था। इसके बाद भी निगम प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं लिया गया। नगर के एक संभ्रांत व्यक्ति ने बताया कि चौपाटी के उक्त टैंक में भरे दूषित पानी से लोगों को खुजली की भी शिकायत है। उक्त खराब पानी को टैंकर के माध्यम से निर्माण कार्य में उपयोग लाने के लिए भी निगम को सलाह दिया गया था। इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब वह सड़ियल पानी लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। चौपाटी के उक्त काला व गंदगी से प्रदूषित हो गए पानी को शीघ्र ही बदलने की मांग की गई है।

## गंगा दशहरा पर शक्ति पीठ में साहित्य स्टाल का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। जेष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस दिन वेद मात्रा गायत्री जयंती व वेद मूर्ति तपोनिष्ठ आचार्य श्रीराम शर्मा का महाप्रयाण दिवस भी था। इस अवसर पर स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में पांच कुण्डीय गायत्री-महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजन व सत्य सनातन धर्मी लोगों ने भाग लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेद माता गायत्री को आहुति प्रदान की। वही 16 जून की शाम रविवार को मंदिर में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। जिससे नदी-सरोवरों में झलमला की भांति सैकड़ों दीप जगमगा उठे। उक्त कार्यक्रम में मंदिर के पुरोहित सुखनंदन ने पूज्य गुरूदेव श्रीराम शर्मा आचार्य की जीवनी के बारे में सविस्तार प्रकाशन डाला और उन्हें महान तपस्वी बताया। यही वजह है कि नरसिंग राव सरकार के जमाने में उन्हें पूज्य गुरूदेव को राष्ट्रीय संत का दर्जा दिया गया था। पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का संचालन श्रीमती जयंती देवी ने की वही युग संगीत व सामगान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार पुरोहित ब्रहमानंद नृपाराम, सुखमय, देवशरण आदि के द्वारा किया गया।

**○ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में लोगों ने दी आहुति**
**○ सम्पन्न किए गए विभिन्न संस्कार**

### साहित्य स्टाल उद्घाटित

बताते चले कि गायत्री शक्ति पीठ ने केवल वेद माता गायत्री की पूजा-अनुष्ठान यज्ञ हवन किए जाने वाला धार्मिक स्थान है। यहां संस्कार व संस्कारिक शिक्षा दीक्षा के अलावा रोगियों की सेवा के लिए दवाई एवं जांच आदि के लिए लेब भी संचालित किया जाता है। चूंकि मंदिर अभी नए कलेवर में निर्माणाधीन है अंतः यही पूर्व में संचालित रहे साहित्य स्टाल का नए भवन में पुनःउद्घाटन किया गया। नई साज-सज्जा व नए कलेवर में शुभारंभ किए गए इस स्टाल का उद्घाटन गायत्री शक्ति पीठ के उप-ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन के हाथों किया गया। इस दौरान मंदिर के वरिष्ठ परिजन जयंती भाई पटेल, मोहन पटेल, जुगल किशोर लड्डा, मुरली धर चौधरी, राजा गुप्ता, श्रीमती अर्चना गुप्ता, श्रीमती राधा लड़्ढा, रूपाली गांधी, दीपक सिन्हा, सालिग राम, भेष कुमार टिकेन्द्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरूष जन उपस्थिति थे। शक्ति पीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि साहित्य स्टाल में सनातन धर्म से सम्बंधित समस्त आर्षग्रंथ व पूज्य गुरूदेव रचित प्रज्ञापुराण सहित सैकड़ों की संख्या में पुस्तकों के अलावा बड़ी संख्या में धर्म अध्यात्म योग, ज्ञान-विज्ञान से सम्बंधित पुस्तके है जिसका अध्ययन लाभ लिया जा सकता है।

## पहला कॉलम...

### जिला सतनामी सेवा समिति का चुनाव 27 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला सतनामी सेवा समिति 5041 राजनांदगांव के निर्वाचन अधिकारियों द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है। मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन दिनांक 13.06.2024, मतदाता सूची के बारे में दावा आपत्ति दिनांक 14.06.2024, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 15.06.2024, प्रत्याशियों को नामांकन पत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि 16.06.2024, प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17.06.2024 (समय प्रातः 11 बजे से 5.30 बजे तक), नाम वापसी लेने की तिथि (समय प्रातः 11 बजे से 5.30 बजे तक), प्रत्याशियों के नाम की अंतिम सूची प्रकाशन 19.06.2024, चुनाव चिन्हों (प्रतीक) का आबंटन दिनांक 20.06.2024, निर्वाचन हेतु मतदाता की तिथि - 27.06.2024 (समय सुबह 08 बजे से शाम 4 बजे तक), निर्वाचन मतगणना पश्चात परिणाम की घोषणा 28.06.2024 (समय सुबह 08 बजे से मतगणना की समाप्ति तक) होगा। उक्त जानकारी निर्वाचन अधिकारी प्रो. जी.पी. रात्रे द्वारा दी गई है।

### आज विशाल वृक्षारोपण को लेकर बैठक

डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र में आमजनों एवं प्रशासन के सहयोग से विशाल वृक्षारोपण किया जाना है। इसे कार्यरूप में परिणित करने के लिए आज 17 जून सोमवार को दोपहर 2 बजे से जनपद पंचायत सभागृह डोंगरगांव में बैठक आहूत की गई है। जिसमें बकायदा कार्ड छपवाकर शहर के अनेक लोगों को मनोज कुमार मरकाम अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व), डोंगरगांव की ओर से आमंत्रित किया गया है। आने वाले समय में पूरे डोंगरगांव शहर को हराभरा करने के लिए एक अभियान चलेगा, जिसमें रिक्त स्थानों में बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया जायेगा। बता दें कि बड़ी संख्या में पौधारोपण प्रतिवर्ष किया जाता है किन्तु इन पौधों को बचाने के लिए कोई कार्ययोजना नहीं बनाई जाती और न ही आमलोगों को पौधरोपण कार्यक्रम में जोड़ा जाता है जिससे रोपित किये गए पौधे बच नहीं पाते।

### बेबी हर्षिता का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम नागतराई निवासी जीवन लाल साहू की 4 वर्षीय पुत्री बेबी हर्षिता साहू का 14 जून को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। गांव की हंसती-खेलती मासूम बच्ची के निधन से साहू घर-परिवार वालों सहित गांव में मातम पसरा हुआ है।

## सरस्वती शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित नवीन एवं पुराने आचार्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



खैरागढ़ (दावा)। वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र जिला राजनांदगांव व केसीजी के नवीन एवं पुराने आचार्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थान प्रेम कुमार सरस्वती शिशु मंदिर उच्च.मा.विद्यालय खैरागढ़ जिला केसीजे में गुरुवार 13 जून से शनिवार 15 जून तक प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। जिसमें 39 आचार्य दीदी, पुरूष आचार्य 14 सहित कुल 53 लोग इस वर्ग में सम्मिलित रहे कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ विवेक बिसेन (खंड चिकित्सा अधिकारी खैरागढ़) अध्यक्षता दीपक सोनी (दुर्ग विभाग समन्वयक विद्या भारती) मुख्य वक्ता राजेश ताम्रकार (मा.विभाग संघचालक एवं जिला प्रतिनिधि सरस्वती शिक्षा संस्थान छ.ग.) विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र शर्मा (प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़) थे। अपने उद्बोधन में डॉ. विवेक बिसेन ने कहा कि हमारे महापुरुषों का आजादी में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका रहा है, उसी प्रकार आज हमारी भूमिका समाज को शिक्षित करने में रहना चाहिए। स्वास्थ्य को लेकर लोगों को सजक रहने की आवश्यकता है, मुख्य वक्ता राजेश ताम्रकार ने कहा कि आज जिस तरह अपने संस्कृति को बचाने की चुनौती है, इस समय आप सबने चुनौती को अवसर में बदलने के लिए वनांचल क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आपने कदम उठाया है वह सराहनीय है, दीपक सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा बालक की सर्वांगीण विकास की बात कहीं पांच कोष के माध्यम से बालक विकास करना है- अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष, आनंदमय कोष।

रात्रि में भारत माता की आरती में मनोहर चंदेल (विभाग पर्यावरण प्रमुख), राजू यादव (खैरागढ़ खंड कार्यवाह), शुभम सिंह ठाकुर (नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद खैरागढ़), शिवम ताम्रकार (नगर संयोजक बजरंग दल खैरागढ़), भूपेंद्र गंगबोइर (नगर व्यवस्था प्रमुख), निक्कू श्रीवास (नगर प्रचार प्रसार प्रमुख) उपस्थित रहे।

मनोहर चंदेल ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर का योगदान इस भूमि पर किस प्रकार संस्कार शिक्षा के माध्यम से समाज विकास में अहम भूमिका निभा रहे है। समापन सत्र में मुख्य अतिथि पूषण लाल भुआर्य (जिला समन्वयक बालोद), नरेन्द्र ग्वाल (वरिष्ठ आचार्य स.शि.म. दल्लीराजहरा) एवं श्रीराम यादव (जिला समन्वयक जनजाति क्षेत्र की शिक्षा जिला राजनांदगांव) रहे भुआर्य ने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए प्रशिक्षण वर्ग अति आवश्यक है, देश प्रेम समाज के हित में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। श्रीराम यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आप सभी लोगों का भरपूर योगदान है, बालक राष्ट्र का निर्माता होता है, बालक को देश की माटी से जोड़ने का सतत् प्रयास करते हैं, यह पुनीत कार्य है, समय-समय पर इस प्रकार प्रशिक्षण करने का मतलब यह है, कि जिस प्रकार कांसा के बर्तन को जितना मांजा जाएं अर्थात जितना साफ किया जाएं उतना ही चमकता है, वैसे ही प्रशिक्षण में हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता हैं और हम समाज के लिए चमकते हुए कार्य करते है। इस वर्ग में प्रार्थना, शारीरिक खेलकूद, गीत, कहानी, बौद्धिक विकास के लिए प्रशिक्षण दिया। सरस्वती शिक्षा केंद्र वनवासी क्षेत्र के बच्चों को निःशुल्क कला संस्कृति खेलकूद व शैक्षणिक विकास के लिए केंद्र संचालित की जाती है। इसमें गांव के युवक युवतियां आचार्य के रूप में अपना सेवा देते है। आभार प्रदर्शन रोशन जंघेल संकुल समन्वयक छुईखदान ने किया। इस कार्यक्रम में खैरागढ़ संकुल से खेमन वर्मा डोंगरगढ़ संकुल से रितेश सिन्हा सहित अन्य आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

## इंदिरा गांधी ने बैक डेट में संविधान के मूल ढांचे में बदलाव करके देश के साथ बड़ा धोखा किया- अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी ने देश के आकाशवाणी केंद्र व दूरदर्शन पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने कहा कि सन् 1971 में इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव गरीबी हटाने के मुद्दे को लेकर चुनाव में आई और बंपर जीत हासिल की, लेकिन 13 जून 1975 को जस्टिस सिन्हा ने राजनारायण की याचिका पर इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध घोषित कर दिया। जिस पर श्रीमती गांधी ने उक्त फैसले के विपरीत 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा कर दी और सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया। जो अखबार इंदिरा गांधी के तानाशाही की खिलाफत की उसके घर दफ्तर के नल-बिजली कनेक्शन काट दिए गए।

श्री चौधरी ने कहा कि उस समय केवल एक टीवी चैनल था, उसका नाम दूरदर्शन था। जिस पर इंदिरा गांधी ने पूरा कब्जा कर लिया था। रेडियो आकाशवाणी इंदिरा गांधी की मर्जी से बोलता था। इस प्रकार एक तानाशाही शासन भारत पर अनाधिकृत रूप से काबिज था। 18 दिसंबर 1976 को इंदिरा गांधी ने संविधान के मूल ढांचे में बैक डेट में 17 दिसंबर 49 को सेकुलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़ दिया।

ज्ञात होगा कि 18 मार्च 1976 को लोकसभा का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था, ऐसे में जब संविधान सभा 1950 में समाप्त हो गया। लोकसभा भी 18 मार्च 1976 को समाप्त हो गया। पर अनाधिकृत रूप से बैठी इंदिरा गांधी ने बैक डेट में संविधान के मूल ढांचे में बदलाव करके देश के साथ बड़ा धोखा किया। उस जमाने में मीडिया इतनी जागरूक नहीं थी, ना ही इतने संसाधन थे। जो नेतागण विरोध करते थे वह सब जेल में थे। ऐसे में मनमर्जी से इंदिरा गांधी ने संविधान में बदलाव किया और आज इंदिरा गांधी के पोते कांग्रेस के नेता संविधान पर चर्चा करते हैं। इन्हें तनिक भी लज्जा नहीं आती, भारत के न्याय की रक्षा करने वाले कुछ सुप्रीम कोर्ट के वकील इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील किया है और शीघ्र ही संविधान में किसी भी तरह का छेड़छाड़ नहीं करने का सुप्रीम कोर्ट का 1967 का अपना फैसला पुनः लागू होगा और विपक्ष के जितने चट्टे बट्टे नेताजन है, उनके मुंह पर करारा तमाचा न्यायालय के द्वारा लगाया जाएगा।

## लखोली साहू समाज नगर इकाई ने समाज के लोगों को वितरित की कर्मा माता की फोटो फ्रेम

**डॉ. पोषण साहू के सौजन्य से बड़ी संख्या में फोटो फ्रेम समाज को मुहैंया**



राजनांदगांव (दावा)। लखोली के पूर्व पार्षद तथा साहू समाज नगर इकाई लखोली के अध्यक्ष डॉ. पोषण साहू ने साहू समाज नगर इकाई की ओर से बड़ी संख्या में कर्मा माता का फोटो फ्रेम समाज को उपलब्ध कराया है। यह फोटो फ्रेम लखोली के 18 पार मोहल्ले में प्रत्येक साहू परिवार में वितरित की जा रही है। इससे समाज में प्रसन्नता व्याप्त है।

लखोली साहू समाज नगर इकाई क्रमांक 01 के अध्यक्ष डॉ. पोषण लाल साहू ने कहा कि साहू समाज का उद्देश्य तैलिक वंश के प्रत्येक घर में आराध्य देवी संत माता कर्मा की तस्वीर हो और उनकी प्रतिदिन पूजा हो। जिस तरह से कर्मा माता ने भगवान जगन्नाथ की आजीवन सेवा की उनकी पूजा आराधना की इस तरह हम सभी साहू बंधु को कर्मा माता की निस दिन पूजा करनी चाहिए।

श्री साहू ने आगे कहा कि समाज की नई पीढ़ी को अपने कुल देवी देवताओं और आराध्य देवी देवताओं के सम्मान का पाठ अवश्य पढ़ना चाहिए। उन्होंने इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए घर-घर कर्मा माता की फोटो फ्रेम उपलब्ध कराने का निश्चय किया है। जिसको लेकर उन्होंने लखोली बैगा पारा कर्मा भवन में 13 जून को समाज के लोगों को अपने हाथों से मां कर्मा के फोटो फ्रेम का वितरण किया है।

इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष पोषण लाल साहू के साथ छबिलाल साहू, जनक लाल साहू, डोमन लाल साहू, संतोष साहू, विष्णू राम साहू, सुरेश कुमार साहू, मनीष कुमार साहू, ईश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, सागर साहू, डेरहाराम साहू, जयश साहू, गजानंद साहू, राधेश्याम साहू, कमल चंद साहू, दीनू राम साहू, राधेश्याम साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइहा भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th June To 20th June 2024
silver SCREEN




Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 03:00 06:00 and 09:15 pm
Chandu Champion- 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Munjya - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम (SOURABH CHANDWANI) आ. नरेश चांदवानी, निवासी- अनुपम नगर, वार्ड नं. 19 राजनांदगांव (छ.ग.) 491441, अपने पुराने नाम को बदलकर नया नाम (SAURABH CHANDWANI) आ. नरेश चांदवानी, निवासी- अनुपम नगर, वार्ड नं. 19 राजनांदगांव (छ.ग.) 491441 रख लिया है।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम (SAURABH CHANDWANI) आ. नरेश चांदवानी से जाना एवं पहचाना जाए।

(SAURABH CHANDWANI)
आ. नरेश चांदवानी
निवासी- अनुपम नगर, वार्ड नं. 19
राजनांदगांव (छ.ग.) 491441।

## प्री मानसून की वर्षा के साथ खेती किसानी का काम शुरू

राजनांदगांव (दावा)। प्री मानसून के साथ ही जिले में खेती किसानी के कार्य में कृषक जुट गए हैं। सुबह से किसान खेतों में पहुंचकर मेढ़ और पार के साथ खेतों में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे हैं। छोटे कृषक हल लेकर खेत में जुटे हुए हैं।

किसानों ने बताया कि मानसून की बारे के अभी स्पष्ट संकेत नहीं मिले है, लेकिन दो तीन से आंधी के बाद वर्षा से इसे प्री मानसून समझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मानसून विभाग ने भी समय पर पानी आने की बात कही है। दो तीन पानी गिरने के साथ किसान खेतों तक गोबर खाद को पहुंचाने शुरू कर दिए हैं। किसान अभी से बोआई की तैयारी करने लगे हैं। इस संबंध

**○ सुबह से किसान खेतों में पहुंचने लगे**
**○ छोटे कृषक हल लेकर खेत में जुट गए**
**○ मानसून से पूर्व खाद बीज सहेजने में लगे हुए हैं किसान**

में एक किसान ने बताया कि बोआई के लिए अभी वे खाद और बीज क पुख्ता इंतजाम करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि अक्ती के दिन से बीज निकालकर उन लोगों ने बीच की गुणवत्ता की भी जांच कर ली है। पानी अच्छी हो जाती तो खेतों की अकरस जुताई हो जाने से खेतों में मौजूद खरपतवार मर जाते हैं। खरपतवार को मारने के लिए अकरस के बाद गर्मी पड़ने से लाभ मिलता है। किसानों ने बताया कि अभी उन्होंने खरीफ की तैयारी के लिए पूरे सामानों की व्यवस्था कर ली है। बीज का अंकुरण परीक्षण भी कर लिया है।

पानी गिरने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जुताई के बाद खेत से अच्छी फसल की उम्मीद की जाती है। किसानों के अनुसार इस बार भीषण गर्मी के चलते शुरूवाती तैयारी कुछ पिछड़ गई है। गर्मी और उमस अभी भी है। किसानों का कहना है कि इस बार पड़ रही गर्मी और उमस से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले खरीफ की फसल में पानी उनके फसलों के मुताबिक हो सकेगा। तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी होने और आर्द्रता में कमी आने से गर्मी के साथ उमस बढ़ रही है। मानसून की अभी कोई खास संकेत नहीं मिले है लेकिन उम्मीद की जा रही है कि छत्तीसगढ़ में समय पर मानसून आ जाएगा। किसानों को उम्मीद है कि क्षेत्र में भी कुछ दिनों में अच्छी बारिश हो सकती है। वे अब खाद बीज का भंडारण करने में जुट गए हैं। प्रशासन खाद बीज के पर्याप्त भंडारण का दावा कर रही है।

# नक्सल मुठभेड़ में घायल जवान का हौसला बुलंद, कहा - ठीक होते ही और मारुंगा : घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा : साय



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर फोर्स को भारी सफलता मिल रही है। लगातार नक्सलियों का एनकाउंटर किया जा रहा है। पिछले दिनों बस्तर संभाग के नारायणपुर के ओरछा में नक्सलियों से लोहा लेते हुए घायल जवान ने कहा कि ठीक होते ही और नक्सलियों को मारूंगा। मुठभेड़ में घायल एसटीएफ के जवान कैलाश नेताम ने आज रविवार को सीएम विष्णुदेव साय से कहा कि ठीक होते ही और नक्सलियों को मारूंगा। अस्पताल के बिस्तर में लेटे घायल जवान की इस बुलंद आवाज ने कैप्टन विक्रम बत्रा की याद दिला दी, जिन्होंने कारगिल की लड़ाई लड़ते हुए कहा था 'ये दिल मांगे मोर'। दरअसल, मुख्यमंत्री साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**सीएम साय नक्सली हमले में घायल जवानों से मिलने अस्पताल पहुंचे**

नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में घायल जवानों से मिलने राजधानी रायपुर के एक अस्पताल में पहुंचे थे उन्होंने कहा कि मां भारती के इन वीर जवानों से हमें हौसला मिलता है। घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा है, जिन्होंने कभी देश को झुकने नहीं दिया। एसटीएफ के एक अन्य घायल जवान लेखराम नेताम के ऑपरेशन थियेटर में होने के कारण मुख्यमंत्री उनसे मुलाकात नहीं कर पाए, लेकिन डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री ने बीते दिनों बीजापुर में नक्सली हमले में घायल एक अन्य डीआरजी के जवान लच्छु कढ़ती से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने जवानों की हौसला अफजाई करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के लिए निर्देश भी दिए। इस मौके पर विधायक मोतीलाल साहू और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा मौजूद रहे।

# भूपेश बघेल बोले- बलौदाबाजार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण, नक्सली मुठभेड़ में मारे जा रहे बेकसूर आदिवासी ग्रामीण



गौरेला पेंड्रा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री आज अपने निजी प्रवास में तीर्थ पर्यटन की नगरी अमरकंटक और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले पहुंचे। जहां पर वे पूर्व न्यायाधीश और कांग्रेस नेता के घर पहुंचकर उनकी माँ को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं स्थानीय पत्रकारों से कई मुद्दों पर चर्चा भी की।

दरअसल भूपेश बघेल कल अमरकंटक पहुंचे थे लेकिन कल अम्बिकापुर में सिंहदेव जिनके घर गमी हो गई जिसके बाद वे सीधे अमरकंटक से अम्बिकापुर निकल गए थे और कल शाम वे अमरकंटक पहुचकर पूजा अर्चना के बाद आज पेण्ड्रा पहुंचे जहां पर वे पेण्ड्रा में कांग्रेस नेता प्रमोद परस्ते के निवास पहुंचकर उनकी माँ के निधन के बाद शोकाकुल परिवार से मुलाकात की।

स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बलौदा बाजार की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। भूपेश बघेल ने कहा कि बलौदा बाजार में षड्यंत्र हुआ है पूरी घटना के दौरान प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं थी, स्थिति बेकाबू हो गई अब बहुत सारे ऐसे लोग भी पकड़े जा रहे हैं जिनका कोई अपराध नहीं है। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जवानों को सफलता मिल रही है जिस पर मैं उन्हें बधाई देता हूँ पर मुठभेड़ में बेकसूर आदिवासी ग्रामीण मारे जा रहे हैं यह अनुचित है। लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश में पराजय का कारण समझ से परे हैं हमें उम्मीद थी कि हम छत्तीसगढ़ में 4 से 5 सीटे लेकर आएंगे, लेकिन यह भी है कि हमने तीन सीट बड़े कम अंतर से हारी। वहीं राहुल गांधी के रायबरेली या वायनाड से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहां की यह स्वयं राहुल गांधी एवं कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व तय करेंगे की राहुल गांधी कहां से सांसद रहेंगे।

# जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह रही विकासखंड अम्बागढ़ चौकी दौरे पर



मोहला (दावा)। जिला पंचायत राजनांदगांव मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह के द्वारा 14 जून को जिला-मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न ग्राम एवं ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की कड़ी में ग्राम पंचायत कोटरा एवं आड़ेझर में एसएलडब्ल्यूएम सेन्टर का निरीक्षण किया गया, जहां स्वच्छताग्राही दीदीयों से कचरा संग्रहण और यूजर चार्ज लेने के संबंध में चर्चा किया गया। गांव के गलियों में बहने वाली पानी को वाटर रिचार्ज से जोड़ने एवं गांव में स्वच्छता को बनाये रखने हेतु ग्राम पंचायत सचिव एवं बिहान की दीदियों को जागरूक करने और सभी गांव वालों को अंगूठा, लोटा और कुपोषण से मुक्ति दिलाने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर दूर करने के निर्देश दिये गये। कोटरा में तालाब गहरीकरण का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत गोपलिनचुवा में जल संवर्धन संरचना, ग्राम पंचायत सांगली में वन विभाग के नर्सरी तथा ग्राम पंचायत पीपरखार में पहाड़ी क्षेत्रों में जल संवर्धन एवं संरक्षण तथा वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारीगण एवं जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारीगण तथा ग्रामवासी उपस्थित थे ।

# महेश नवमी पर तथागत पीएससी ट्यूटोरियल्स ने किया पौधारोपण



राजनांदगांव (दावा)। भगवान महेश के पुण्य दिवस के अवसर पर आज तथागत पीएससी ट्यूटोरियल्स परिवार ने ग्राम खपरी मे स्थित खेत मे पोधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर तथागत परिवार के प्रेरणा स्त्रोत सी.एल. गजभिये, संस्था के संस्थापक पर्यावरण प्रेमी समीर गजभिये, कमला महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष ओंकार श्रीवास्तव, डोंगरगांव स्वास्थ्य विभाग मे पदस्थ भोज साहू (पर्यावरण प्रेमी) भोला यदु (जिलाध्यक्ष ठेठवार यादव समाज युवा संगठन) सुरेश साहू (संचालक आकाश बोरवेल्स), नागेश यदु रक्तवीर, नेमदास साहू, हेमंत साहू, घनश्याम साहू, यश शर्मा के कर कमलों से आम, जाम, जामुन, सल्फी गुलमोहर, पाम, बादाम आदि पुष्प व फलदार औषधि पौधे लगाए गए।

# एनबीआईएस बोरी स्कूल में 9 वीं से 12 वीं के लिए विशेष व्यवस्था



राजनांदगांव (दावा)। बोरी स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल खैरागढ़ रोड में नवमीं से12वीं कक्षाओं के लिए विशेष कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं11वीं 12वीं के छात्रों के लिये जेईई ,नीट एवं सी ए फाउंडेशन के लिये निःशुल्क अतिरिक्त कक्षाएं शाला परिसर में ही लगाई जा रही हैं साथ ही इन विशेष कक्षाओं के लिए उच्च स्तरीय शिक्षक शिक्षिकाओं की व्यवस्था स्कूल की ओर से की गई है ताकि उन्हें बाहर जाकर और पढ़ाई करने की जरूरत ना पड़े इसके अलावा नवमीं के छात्रों के लिए फंडामेंटल्स कोर्स की अलग से कक्षाएं बच्चों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयार करने के लिए प्रारंभ की जा रही हैं ताकि उनका जेईई, नीट के लिए मजबूत आधार बन सके नवमीं एवं ग्यारहवीं कक्षाओं में जो बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं उनकी विशेष बैच बनाकर विषय विशेषज्ञों के द्वाराअतिरिक्त कक्षाएं लगाकर एक ऐसी व्यवस्था की गई है ताकि बच्चों कोअपने शहर में ही कॉम्पटीटिव एक्जाम की तैयारी एवं उनके डाउट क्लीयरिंग क्लासेस, चेप्टर वाइस टेस्ट के द्वारा सतत् उनका मूल्यांकन इत्यादि की व्यवस्था स्कूल के द्वारा की जा रही हैं ताकि बच्चों को बाहर न जाना पड़े।

**जेईई, नीट, सीए फाऊंडेशन के लिए निःशुल्क विशेष कक्षाएँ**

ज्ञात हो कि संस्था के पूर्व छात्रों कविता साहू 616/720 मुख्तार कुरैशी 608/720 ने नीट में एवं अनन्य अग्रवाल ने आईआईटी (जेईई एडवांस) में 261ऑल इंडिया रैंक लाया है, यह शाला की अच्छी गुणवत्तायुक्त पढ़ाई का परिणाम है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने आग्रह किया है कि नवमी एवं ग्यारहवीं के लिए जो अच्छी व्यवस्थाएं संस्था में की गई है, उसका लाभ आधिकाधिक छात्रों को उठाना चाहिए। नवमीं एवं ग्यारहवीं के छात्र जो 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है एवं जो 80 प्रतिशत या उससे कम अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है ताकि अच्छे बच्चों का ग्रुप बनाकर प्रतियोगी परीक्षाओं का माहौल संस्था में निर्मित किया जा सके।

# विश्व रक्तदान दिवस पर 141 यूनिट रक्तदान हुआ




राजनांदगांव (दावा)। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला रक्त वीर संगठन संघ एवं पत्रिका संस्थान द्वारा शहर के गंज लाइन स्थित श्री दिगम्बर जैन भवन में जिला अस्पताल ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दिगंबर जैन भवन में 35 यूनिट रक्तदान हुआ। जिला अस्पताल मे 5 यूनिट, जिसे जिला ब्लड बैंक में जमा किया गया। नांदगांव ब्लड 41 यूनिट रक्तदान, लाइफ लाइन यूनिट ब्लड सेंटर 25 यूनिट एवं बिलासा ब्लड सेंटर ग्राम अंडी में 26 यूनिट रक्तदान सभी संगठनों ने रक्तदान दिवस पर रक्तदान कराया। कुल 141 यूनिट रक्तदान हुआ। दिगम्बर जैन भवन में आयोजित केम्प मे स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं टेक्नीशियन ने सहयोग दिया। श्रीमती उषा बोरकर, कौंसलर जगदीश सोनी टेक्नीशियन सी.के. कश्यप एवं विक्रम बोमेस्कर, सिस्टर साधना पाल एवं स्टाफ जिले मे सैकड़ों मरीज ऐसे है जो थैलेसिमिया सिकलसेल् जैसी बीमारियों से पीड़ित है, जिन्हें हर महीने ब्लड की जरूरत पड़ती है। इसके अलावा सड़क दुर्घटना में घायल व डिलीवरी एवं अन्य किसी कारणवश ब्लड की कमी से जूझ रहे मरीजों को हर रोज खून की जरूरत पड़ती है, ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान करने युवा को जागरूक करने पत्रिका संस्था एवं छात्र युवा मंच द्वारा लगातार अभियान चलाया गया।

### इनकी रही सहभागिता

दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित केम्प में पूर्व कैबिनेट मंत्री खुबचंद पारख मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं रक्तदाताओं को मोटिवेट किया। इस दौरान दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक झंझरी, एपेक्स इंस्टीट्यूट के जिगनेश शाह, भद्रेश शाह, वार्ड पार्षद राजेश जैन (रानु) सहित रक्तदान करने युवा मौजूद रहे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिला संयोजक प्रशांत गुप्ता ने 15वीं बार, पार्षद रानु जैन ने 20वां, हेमलाल साहू 46, जग्गा यदु 14, सुरेश साहू 12 बार सहित अन्य में रक्तदान किया। विष्णु सिंह राजपूत ए निगेटीव 47 रक्तदान, कौतुब हनी गुप्ता एबी प्लस 18 रक्तदान, योगेश कंडरा 20वां, रक्त मित्र फनेन्द्र जैन 119वां, हर्ष फनेन्द्र जैन 23वां (पिता पुत्र रक्तदान) विश्व रक्त दान दिवस रक्तदाताओं ने दीपावली त्योहार के समान रक्तदान की अतिशबाजी करके मनाया।

# अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप...



कोरबा(दावा)। कोरबा के कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे लाइन के पास एक अज्ञात शख्स का शव शव देखे जाने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार गेवरा रोड स्टेशन मेन लाइन के किनारे पुराने पेट्रोल पंप और सायलो के मध्य एक अज्ञात शख्स का शव मिला है। मृतक ने सफेद कलर की शर्ट और लाइट कलर की पेंट पहनी हुई है। फिलहाल मृतक की पहचान नही हुई है। वहीं घटना की सूचना पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची। शख्स की मौत किन परिस्थितियों में हुई है। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं शनिवार की देर शाम मिले शव के शरीर में कोई चोट के निशान नहीं दिखाई दे रहे है। आशंका जताई जा रही है की भीषण गर्मी के चलते इसकी मौत हुई हो। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# जिला चिकित्सालय व मेडिकल कॉलेज में व्याप्त समस्या के निराकरण हेतु ज्ञापन



**भाजयुमो जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री के सामने ज्ञापन देकर रखी मांग**

राजनांदगांव (दावा)। नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडे के आभार कार्यक्रम में पधारे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नगर अगमन पर भारतीय जनता युवामोर्चा जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी (गोलू) ने सौजन्य भेंट कर पेंड्री राजनांदगांव स्थित स्वं.अटल बिहारी बाजपेयी मेमोरियल मेडिकल अस्पताल व शासकीय जिला चिकित्सालय में व्याप्त अनेक समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। बताया कि परेशानियों का बहुत अंबार है जिस वजह से वहाँ मरीजों व उनके परिजनों को अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते अभी हाल में ही अनेंक विशेषज्ञ डॉक्टरों ने त्यागपत्र देकर अस्पताल छोड़ दिया है। साथ ही गणमान्यजनों व नागरिकों के द्वारा समय-समय पर लगातार मांग की जा रही है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जिला चिकित्सालय का संचालन संयुक्त रूप से किया जाए जिससे होने वाली दिक्कतों को थोड़ा कम किया जा सकता है, अत एव सोनोग्राफी मशीन के निर्धारित समय को संशोधित कर 24 घंटे चालू रखें क्योंकि डॉक्टर्स की मिलीभगत से निजी डाइग्नोस्टिक सेंटरों की मोटी कमाई में रोक लगे और गरीबों को राहत मिलें। नगर के प्रमुख चौराहों से अस्पताल जाने हेतू फ्री बस-वेन सेवा, मेडिकल कॉलेज जाने के लिए व्यक्तियों को 200 मीटर आगे रांग साईड से जाना पड़ता है अतः जाने वाले मोड़ नेशनल हाईवे के डिवाइडर को तत्काल हटाया जाकर ट्रेफिक सिग्नल लगाया जाए जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जाए, मेडिकल कॉलेज में निजी अस्पतालों के अनेक दलाल सक्रिय है जिन्हें परिसर क्षेत्र के आसपास घूमने मनाही सहित दलाली करते पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्यवाही हो तथा मरीजों व परिजनों के साथ कार्यरत कर्मचारियों के दुर्व्यवहारों व मनमानियों में सुधार किया जाए, 108 व निःशुल्क सेवाओं में पारदर्शिता हो क्योंकि अधिकतर मामलों में कर्मचारी जवाबदारियों से बचने का प्रयास करते है, वर्तमान में पार्किंग ठेकेदार द्वारा मेडिकल कॉलेज व आरटीओ जाने वाले मार्ग के किनारे रुके हुए वाहन चालकों से अवैध वसूली की जा रही है जो कानूनन अपराध है पार्किंग का किराया नियत स्थान में हो ना कि ठेका का दुरूपयोग कर अवैध उगाही की जाए एवं एमआरआई, सिटी स्केन जैसे संसाधनों की जल्द पूर्ति कर गंभीर मामलों में होने वाले रेफर की समस्या कम हो जिससे मरीज व परिजनों को राहत मिलें।

# बबली गैंग के दो आरोपी गिरफ़्तार

कोरबा। कोरबा की मानिकपुर चौकी पुलिस ने ट्रक ड्राइवर से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बात दें कि पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन पर ट्रक ड्राइवरों से हथियार दिखाकर लूटपाट करने वाले बबली गैंग को पकड़ने में सफलता मिली है। प्रार्थी ट्रक ड्राइवर मनीष कुमार यादव पिता इंद्ल राम यादव उम्र23 वर्ष सदगुरु ट्रांसपोर्ट कोरबा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 15/06/24 के 5ः30 बजे अज्ञात लोगों के द्वारा चाकू दिखाकर प्रार्थी का मोबाइल एवं नगदी रक़म लूट कर ले गये है।

# डोंगरगढ़ में जिला धोबी समाज के प्रतिनिधि मण्डल की हुई बैठक



राजनांदगांव (दावा)। जिला धोबी समाज राजनांदगांव की जिला कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की बैठक आज डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण छीरपानी भवन सभागृह में आयोजित किया गया। जिसमें समाज के जिला अध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए हैं। राजनांदगांव जिला धोबी समाज की बैठक डोंगरगढ़ में किया गया बैठक की शुरुआत भगवान शंकर जी की पूजा अर्चना कर समस्त पदाधिकारियों को तिलक लगाकर किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला धोबी समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने कहा कि आगामी 30 जून दिन रविवार को समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला बैठक में अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनवानी, हेमसिंह निर्मलकर, कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, सचिव रोहित निर्मलकर, सहसचिव रोहित निर्मलकर, संरक्षक नन्द कुमार निर्मलकर, आश कुमार रजक, मीडिया प्रभारी लोकेश रजक, दिलीप कुमार, धनश्याम, खोरबाहरा निर्मलकर, संतोष कुमार रजक डोंगरगढ़, कमलेश निर्मलकर, कृष्णा रजक, खेमराज निर्मलकर भारींटोला, चमरू राम निर्मलकर, लालबहादुर नगर, कृष्णा निर्मलकर, अंकित रजक, अंकलू निर्मलकर डोंगरगांव, परसलाल निर्मलकर डोंगरगांव, मधु निर्मल ढारा, पुसाऊ रजक ढारा, रवि निर्मलकर छुरिया, गोपी रजक राजनांदगांव सहित समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**0 सामाजिक गतिविधियों पर हुआ चर्चा**
**0 जिला स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम का होगा आयोजन**

जिला धोबी समाज के कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर ने बैठक में उपस्थित अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया है। उक्त जानकारी समाज के जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

# अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न



खैरागढ़(दावा)। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल की अध्यक्षता में शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समुदाय के लोग उपस्थित हुए, सभी लोगों ने बकरीद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि पर्व किसी भी धर्म या समुदाय का हो, आपस में मिलजुलकर ही मनाना चाहिए, ताकि आपसी भाईचारा बरकरार रहे।। उन्होंने इस पर्व के मद्देनजर ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास आने-जाने वाले मार्गों पर ट्रैफिक एवं पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही साफ-सफाई हेतु नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के शरारती तत्वों की सूचना मिलने पर तुरंत थाना को सूचना दें न कि कानून को अपने हाथ में लें। सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक सद्भावना कायम रहे इसके लिए सभी को एक दूसरे के धर्म और आस्था का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के भ्रामक सूचनाओं के दुष्प्रचार से बचने अपील की। ऐसे लोगों पर खुद भी नजर रखें और इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को तत्काल देवें ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाया जा सके। इस दौरान प्रेम कुमार पटेल ने कथावाचक प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम के संबंध में सम्पूर्ण तैयारी पहले से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बुजुर्गों एवं बच्चों के लिए कथा स्थल तक पहुंचने समुचित व्यवस्थित करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए।

**o अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कथावाचक प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने दिए निर्देश**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे ने कहा की जिले के गंडई नगर पंचायत क्षेत्र में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा का 18 से 24 जून तक कथा का वाचन होना है, जहां भारी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने आयेंगे। जिसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखे, इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल, बिजली, आवागमन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि की भी समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की चोरी रोकने के लिए पुलिस और वालिंटियर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी। सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी जगहों पर लगे कैमरे ठीक से जांच करवा ले। इस अवसर पर एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, खैरागढ़ जनपद सीईओ शिशिर शर्मा, छुईखदान जनपद सीईओ जेएस राजपूत, तहसीलदार द्वय प्रीति लालोकर, मोक्षदा देवांग, खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, जिला पंचायत प्रतिनिधि विजय वर्मा, डॉ. पंकज वैष्णव, प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौर, शांतिदूत संयोजक अनुराग तुर्रे सहित समाज के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> ***प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत आपके अपने विचार है, इसलिए बड़ा सोचे और खुद को जितने के लिए हमेशा प्रेरित करें।***

## बेकाबू महंगाई से बढ़ रहीं जनता की मुश्किलें, थोक एवं खुदरा मूल्य में उतार-चढ़ाव से संकट

विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। जाहिर है, इसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। मगर यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। मई में थोक महंगाई पिछले पंद्रह महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। अब यह 2.61 फीसद पर है, जबकि अप्रैल में यह 1.26 फीसद थी। इसी अवधि में पिछले वर्ष यह नकारात्मक 3.61 फीसद पर थी। जबकि इसके उलट खुदरा महंगाई मई में घट कर 4.75 फीसद पर पहुंच गई, जो इस वर्ष का सबसे निचला स्तर है। थोक महंगाई पिछले तीन महीने से लगातार बढ़ रही है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल और गैस तथा अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इस वर्ष मई में थोक महंगाई बढ़ी। खासकर सब्जियों की थोक कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखी गई। सब्जियों की थोक महंगाई दर 32.42 फीसद रही। प्याज की थोक महंगाई दर 58.05 फीसद और आलू की 64.05 फीसद दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक आमतौर पर खुदरा महंगाई दर के आधार पर अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करता है। मगर मई में खुदरा महंगाई पांच फीसद से कम होने के बावजूद उसने रेपो रेट में कोई बदलाव न करने का फैसला किया। इसलिए कि उसका अनुमान है कि अभी महंगाई का रुख अनिश्चित बना रहेगा और उसमें उतार-चढ़ाव आ सकता है।

आमतौर पर थोक महंगाई का असर खुदरा महंगाई पर पड़ता है। जो चीजें थोक में महंगी होती हैं, उनकी खुदरा कीमतें भी बढ़ती हैं। मगर बीते मई महीने में यह क्रम उलटा देखा गया। थोक महंगाई बढ़ी, पर खुदरा महंगाई कम हुई। महंगाई बढ़ने के पीछे आमतौर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का तर्क दिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध और फिर इजराइल-हमास संघर्ष के चलते दुनिया भर में आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है।

विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। जाहिर है, इसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। मगर यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। भारत में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी कई वर्ष से हो रही है, जिसका प्रभाव माल ढुलाई पर देखा गया है। मई महीने में तेल की कीमतें इतनी बढ़ी भी नहीं कि उसका सीधा प्रभाव थोक महंगाई पर पड़े। फिर, खुदरा महंगाई घटी हुई कैसे दर्ज हुई, जबकि इसका असर उस पर भी पड़ना चाहिए था। दरअसल, खाने-पीने की चीजों की कीमतों में असंतुलन की बड़ी वजह अंतरराष्ट्रीय व्यापार है।

महाराष्ट्र के किसान लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं कि प्याज को निर्यात के लिए खोल दिया जाए, मगर सरकार ने उस पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसकी वजह से उन्हें अपनी लागत भी नहीं मिल पा रही और खुदरा बाजार में औने-पौने दाम पर बेचना पड़ रहा है। इसके उलट, बाहर से दालों, फलों, खाद्य तेल आदि पर आयात शुल्क घटा या हटा देने की वजह से घरेलू जिंस की जगह विदेशी चीजें थोक बाजार में अधिक पहुंचने लगी हैं। यह समझना मुश्किल है कि जो खाद्य वस्तुएं अपने यहां जरूरत से अधिक पैदा हो रही हैं, उनकी घरेलू बाजार में खपत बढ़ाने पर जोर देने के बजाय विदेशी वस्तुओं की आवक क्यों बढ़ाई जाती है। खानेपीने की चीजों की कीमतें बढ़ने से आम लोगों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उनकी क्रयशक्ति बढ़ाना पहले ही बड़ी चुनौती है, तिस पर महंगाई की मार उनका जीवन दूभर बना देती है।

# बांग्लादेश में एक ही आईएमईआई नंबर के डेढ़ लाख फोन, आखिर ये फर्जीवाड़ा क्या है?

मोबाइल टेक्नोलॉजी का बुनियादी ज्ञान रखने वाला हर कोई जानता है कि हर मोबाइल फोन का एक खास नंबर होता है जिसे आईएमईआई नंबर कहा जाता है.

फोन गुम हो जाने या चोरी हो जाने पर इस नंबर को खोजा जाता है. इसकी मदद से कई बार पुलिस चोरी करने वाले को पकड़ भी लेती है.

हालांकि हर मोबाइल फोन का यूनिक नंबर अलग होता है, बावजूद इसके इस खास नंबर को क्लोन या उसमें बदलाव किए जाने की बातें हम अक्सर सुनते हैं.बांग्लादेश के मोबाइल फोन ऑपरेटर रोबी के चीफ कॉरपोरेट और नियामक अधिकारी शाहिद आलम के एक बयान ने सबको चौंका दिया है.

हालांकि कंपनी के पूर्व चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एकेएम मुर्शीद ने बीबीसी बांग्ला से कहा कि नकली मोबाइल फोन की संख्या डेढ़ लाख से कम हो सकती है.उन्होंने कहा, कुछ साल तक एक ऑपरेटर के नेटवर्क पर आठ लाख मोबाइल फोन एक ही आईएमईआई कोड के साथ काम कर रहे थे.लेकिन सवाल ये है कि एक ही आइडेंटिटी के इतने ज्यादा फोन एक साथ काम कैसे कर रहे हैं?

आईएमईआई.इन्फो के मुताबिक इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आईएमईआई)15 अंकों का एक नंबर होता है. मोबाइल हैंडसेट को बनाते वक्त ये नंबर प्रोग्राम किया जाता है.लेकिन कुछ मामलों में ये नंबर 17 अंकों का भी हो सकता है. वास्तव में ये नंबर मोबाइल हैंडसेट की पहचान होता है.इस नंबर से पता चलता है कि ये हैंडसेट किस फैक्ट्री में बना है और किस इलाके में इस्तेमाल किया जा रहा है.

आईएमईआई नंबर में फोन का एक यूनिक सीरियल नंबर भी होता है. इसके साथ एक नंबर होता है जिससे पूरे नंबर की पहचान हो सकती है.

एकेएम मुर्शीद कहते हैं, ÷ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशन यानी जीएसएम को इस तरह डिजाइन किया जाता है ताकि एक मोबाइल नंबर का एक ही आईएमईआई नंबर हो और उसकी आसानी से पहचान की जा सके.÷अगर फोन खो जाए या चोरी हो जाए तो इसे खोजने के



लिए आईएमईआई नंबर का सहारा लिया जाता है.इसके अलावा जब नया फोन खरीदने के समय आप आईएमईआई नंबर से की मदद से यह जान सकते हैं कि मोबाइल फोन को पहले तो इस्तेमाल नहीं किया गया है.अगर आप अपने फोन पर #06# डायल करें तो आपको अपने मोबाइल फोन का आईएमईआई नंबर पता चल जाएगा.आप IMEI.inf वेबसाइट पर जाकर नंबर दबा कर चेक बटन दबाएंगे तो अगले पेज पर आपको फोन से जुड़ी जानकारी दिख जाएगी.आईएमईआई नंबर बदलने में आमतौर पर एक वैध नंबर की क्लोनिंग की जाती है.आईटी एक्सपर्ट बीएम मोइनुल कहते हैं कि मोबाइल फोन के मामले में अक्सर दो तरह की क्लोनिंग की जाती है. एक, सिम क्लोनिंग और दूसरी आईएमईआई क्लोनिंग.ढाका विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक ने बीबीसी बांग्ला को बताया कि फोन की पहचान की नकल की जा सकती है. हालांकि आम लोग इसे आसानी से नहीं कर सकते हैं. इसमें कई तकनीकी चरण जुड़े होते हैं.पिछले कुछ समय के दौरान ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस (डीएमपी) ने कुछ अवैध फैक्ट्रियों पर छापे मारे थे, जहां नकली हैंडसेट बनाए जाते थे.

ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के साइबर एवं विशेष अपराध विभाग के अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद जुनैद आलम सरकार ने बीबीसी बांग्ला को बताया, ÷अगस्त 2020 में हमें एक नकली फैक्ट्री मिली जहां सैमसंग और नोकिया फोन की नकल कर हैंडसेट बनाए जाते थे.इसके बाद उन्होंने ऐसे कई और ऑपरेशन चलाने की जानकारी दी.उन्होंने कहा, स्थानीय स्तर पर, शायद उन कारखानों में एक या दो कमरे किराए पर लिए गए थे. हैंडसेट के हिस्से विदेशों से खरीदे और असेंबल किए गए थे.उन्होंने कहा, आईएमईआई स्पूफिंग बटन या फीचर फोन में अधिक आम है. स्मार्ट फोन में ऐसा कम होता है. विशेषज्ञों का कहना है कि बड़ी संख्या में फ़ोन पहचान संख्याओं का मिलान करने के अन्य संभावित तरीके भी हैं.प्रोफेसर मोइनुल हुसैन कहते हैं, अज्ञात या गुमनाम ब्रांड्स के हैंडसेट जो अवैध रूप से बाहर से आते हैं, उन्हें इस तरह से बनाया जा सकता है. डिफ़ॉल्ट रूप से एक ही आईएमईआई नंबर का उपयोग किया जाता है. उन्होंने कहा, अगर पार्ट्स किसी विदेशी कंपनी से खरीदे गए हैं, तो हो सकता है कि उन्होंने ऐसे सॉफ़्टवेयर या आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए हों.÷मुर्शीद ने बताया, ÷एक बार जब जानकारी स्थायी रूप से रिकॉर्ड हो जाती है तो इसे बदला नहीं जा सकता.÷लेकिन अगर इसे कॉन्फ़िगर करने योग्य (परिवर्तनीय) बनाया जाता है, तो इसका मतलब नकली हैंडसेट की मार्केटिंग की जा सकती है.÷आज के समय में अपराधियों का पता लगाने के लिए मोबाइल फोन ट्रैकिंग का इस्तेमाल सबसे अधिक होता है.प्रोफेसर मोइनुल इस्लाम ने कहा कि किसी ऑपरेटर के टावर से जुड़े मोबाइल फोन का आईएमईआई ऑपरेटर कंपनी जान सकती है

लेकिन अगर एक ही आईएमईआई नंबर के कई हैंडसेट हों तो किसी खास हैंडसेट का पता लगाना मुश्किल हो जाता है.पुलिस अधिकारी जुनैद आलम ने बीबीसी बांग्ला को बताया, ÷तब हमारे लिए असली अपराधी की पहचान करना बहुत मुश्किल हो जाता है. नतीजतन, हमें फोन ट्रैकिंग के बजाय अन्य रणनीति का सहारा लेना पड़ता है.÷उन्होंने कहा, इस वजह से कुछ अपराधी ऐसे हैंडसेट का इस्तेमाल करते हैं.हालांकि एकेएम मुर्शीद का कहना है कि बड़े पैमाने पर आईएमईआई धोखाधड़ी के पीछे का कारण आर्थिक है.जीएसएम एसोसिएशन को प्रत्येक IMEI के लिए रॉयल्टी का भुगतान करना पड़ता है. वे कहते हैं, ÷उस रॉयल्टी से बचने के लिए, एक देश में निर्माता एक IMEI नंबर के साथ लाखों हैंडसेट का उत्पादन करते हैं, अगर आईएमईआई डेटाबेस से उसी मूल फोन के आईएमईआई नंबर के साथ क्लोन किया जाता है तो हैंडसेट की जानकारी डेटाबेस में उपलब्ध होगी.ढाका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बीएम मोइनुल हुसैन कहते हैं, नतीजतन आम यूजर के पास इसे समझने का कोई तरीका नहीं होगा.इन्हें रोकने के लिए वह दो तरह के उपाय बताते हैं. पहला, कानूनी कार्रवाई और दूसरा, तकनीकी कदम.उनका मानना है कि जब फोन यूजर के हाथ में पहुंच जाए तो तकनीकी उपाय खास काम नहीं आते. इसलिए वो कानूनी कार्रवाई पर जोर देते हैं.उन्होंने कहा कि यह पता लगाना संभव है कि डेढ़ लाख आईएमईआई नंबर क्लोन करने के पीछे कौन है.डीएमपी के साइबर क्राइम डिवीजन के एडीसी जुनैद आलम सरकार कहते हैं, चोर चोरी का फोन बेचने से पहले आईएमईआई डिलीट कर देते हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 178 मंथरा का प्रयत्न, रानी कैकेई के मन में असुरक्षा के भाव उत्पन्न हों

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मंथरा की बातें सुनकर कैकेई रूष्ट हो गई। कैकई के मन में विचारों की जो श्रृंखला चल रही थी, मंथरा के तर्कों से वह टूट गई।महारानी कौशल्या,रानी सुमित्रा तथा रानी कैकेई का आपस में गहरा प्रेम है। श्री राम हैं तो माता कौशल्या के सुपुत्र लेकिन वे सबके चहेते हैं।इसी तरह भरत के प्रति माता कौशल्या का प्रेम देखकर कोई नहीं कह सकता कि भरत जी ने रानी कैकेई की कोख से जन्म लिया है। जब श्री राम की विधिवत शस्त्र शिक्षा प्रारंभ हुई थी, तो उन्होंने गुरु वशिष्ठ के आश्रम में बाण से लक्ष्य के प्रथम बार संधान के समय बालक राम को अपने पीछे से पकड़ा था और बाण के खांचे को प्रत्यंचा में सही जगह पर रखकर उसे प्रक्षेपित करवाया था।रानी कैकई स्वयं वीरांगना हैं। जब तक श्री राम और अन्य कुमार गुरु के आश्रम में रहे, रानी कैकई समय-समय पर जाकर उनकी शिक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त करती रहीं। श्री राम के अभिषेक से सबसे अधिक प्रसन्नता तो रानी कैकेई को ही हो रही है।

रानी कैकेई को अयोध्या के महाराज और उनके उत्तराधिकारियों पर किसी भी भावी संकट की आशंका की चर्चा अन्य रानियों से अवश्य कर लेनी थी।वे स्वयं महाराज दशरथ से भी इस संबंध में स्पष्ट वार्ता कर सकती थीं, परंतु उन्होंने कोई स्पष्ट निर्णय लेने के बदले अपने मन के द्वंद्वों के समाधान को समय पर छोड़ दिया। जब हम अपनों से अपनी बात कहने में किसी भी कारणवश संकोच करते हैं, तो ऐसे में दूसरे लोगों का हमारे जीवन में हस्तक्षेप प्रारंभ हो सकता है। रानी कैकेई के जीवन में मंथरा के रूप में यही आसन्न स्थिति है।

अयोध्या जैसी आनंद नगरी में संकटों की बात सुनकर तीक्ष्ण स्वर में रूष्ट कैकेई ने कहा, ''संकटों के मेघ से तुम्हारा क्या तात्पर्य है मंथरा? अब तो अयोध्या में आनंद की वर्षा होने जा रही है। तुम्हें भी उत्सव मनाना चाहिए।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।


उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य - 090

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 089 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू- दोकू क्र.090

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.089 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### बुराई नहीं, अच्छाई देखिए !

खबर पढ़कर
बानी बोले - गजाधर !
राजनीतिक रणनीतिकार से
नेता बने प्रशान्त किशोर ने
भागलपुर में एक जनसभा को
सम्बोधित करते हुए कह दिया
कि मोदी के पैर छूकर
नीतिश कुमार ने
बिहार को शर्मसार किया।
गजाधर ! इस पर हम
सुनना चाहते है आपकी प्रतिक्रिया।
गजाधर मुस्कराए बोले-
बानी देखो! मोदी जी पीएम है।
और नीतीश कुमार सीएम है।
तो जाहिर है मोदी जी
नीतीश कुमार से बड़े हैं
और जब मोदी जी
नीतीश कुमार के सामने खड़े है,
तब सीएम नीतीश कुमार को
एकाएक अपने बिहार की जनता की
अच्छाई का ख्याल आया,
उनकी भलाई का ख्याल आया,
तब सीएम ने जनहित के लिए तुरन्त
पीएम मोदी का पैर छू लिया।
तो बानी ! मेरी दृष्टि में
नीतीश कुमार ने
बिहार के हित का काम किया।'



-गिरीश बख्शी

## कविता

### गंडई वाले करो तैयारी आवत हे कुबेर भंडारी

खैरागढ़ के भंडार म गंडई नगर बिराजे हे ।
जंगल झाड़ी प्रकृति ले गंगई दाई साजे हे।।
गंडई क्षेत्र वाले मन ल गरब हे ए बात के।
जेठ के महीना म कृपा होवथे भोलेनाथ के।।
मां गंगई के धाम ह दुल्हीन कस सजत हे।
भोलेनाथ के स्वागत में ढोल-नगाड़ा बजत हे ।।
दुनिया भर के मनखे आके पंडाल ल सजावत हे।
एखर सुघराइ ल देख के सरग घलो लजावत हे।।
सात दिन बर आवत हे सऊंहत कुबेर भंडारी ह।
जेखर देखे ले दूर हो जथे कतको बड़े बिमारी ह।।
सिहोर वाले महाराज जेखर सत के जबान हे।
घोर कलयुग में इंहा शिव जी विराजमान हे।।
कतको चाहे बुता राहए सब छोड़ के आना हे।
शिव के महिमा सुनके जीवन सफल बनाना हे।।
एक लोटा जल के महिमा मिश्रा जी बतावत हे।
ए उपाय करके सब जिनगी सफल बनावत हे।।
दयालु में बड़ दयालु शिव जी कुबेर भंडारी हे।
छोटे-बड़े सबके सुनथे अइसन ए त्रिपुरारी हे ।।
18 जून ले सात दिन बर सब झन ल आना हे।
शिव भक्ति के खातिर अपन फरज निभाना हे।।
माया ले हट के अपन ज्ञान कपाट ल खोलना हे।
जुर-मिल के सब झन श्री शिवाय
नमस्तुभ्यं बोलना हे ।।
शिव जी कथा सुनके सब सुघ्घर जिनगी चलाही।
तुंहर गोड़ के धुर्रा बनके टीकेन्द्र ह भाग सहराही।।

टीकाराम (टीकेन्द्र) धुर्वे
सेवा साहित्य सदन, ढाबा
गंडई

## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। प्रॉपर्टी डीलर्स को किसी बड़ी डील से अच्छा मुनाफा होगा। आज आपको दूसरों से सोच-समझ कर बात करने की जरूरत है। जीवनसाथी आपकी बात को अहमियत देंगे इससे आपको खुशी होगी। छात्र आज कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनाएंगे।



**वृषभ**
आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। आपको नयी जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। आपके घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा।



**मिथुन**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं उनके लिए अनुकूल समय है। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा जिससे कार्य आसानी से पूरे कर लेंगे। व्यापार में आ रही समस्यायें आज किसी अनुभवी की मदद से दूर हो जाएंगी।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका कोई दोस्त आपको फोन कर के आपको सरप्राइज देगा, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके किसी बात पर घर वाले सहमति जताएंगे। आपको करोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे।




**सिंह**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। छात्रों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।




**कन्या**
आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम की शुरुआत करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनियर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।




**तुला**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके महत्वपूर्ण काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। साइंस से जुड़े छात्रों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। व्यापार के मामलों में साझेदार से विचार विमर्श करेंगे। प्रशासनिक क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों का समय अच्छा रहेगा।




**वृश्चिक**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टैक्सटाइल व्यापरियों को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए डेली रूटीन में मेडिटेशन व योगा अपनाएं। आज भाई-बहन के साथ गेम्स खेलने का प्लान करेंगे... बड़ों का आर्शिवाद आपके साथ बना रहेगा।




**धनु**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है।



**मकर**
आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगेगा .....शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल-मेल बना रहेगा।



**कुंभ**
आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। समाज हित में किये गये कामों की तारीफ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। परिवार में स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।



**मीन**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए ताजे फल खायें, फायदा मिलेगा। आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।

# लोकसभा चुनाव में जीत के बाद आभार जताने खैरागढ़ पहुंचे सांसद पांडे, कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर निकाली रैली



खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हराकर दूसरी बार सांसद निर्वाचित होने के बाद सांसद संतोष पांडेय रविवार को खैरागढ़ पहुंचे। जहां खैरागढ़ के इतवारी बाजार शीतला मंदिर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके पश्चात उन्होंने माता शीतला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और विजयी जूलूस में खैरागढ़ की जनता का आभार प्रकट करने निकले। नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडेय खैरागढ़ के इतवारी बाजार से बख्शी मार्ग, गोलबाजार, मस्जिद चौक होते हुये राजीव चौक पहुंचे। इस दौरान खैरागढ़ के ब्राम्हण समाज व व्यापारियों ने उनका स्वागत किया। सांसद संतोष पांडे ने जनता का आभार जताते हुये कहा कि मैं राजनांदगांव लोकसभा का प्रत्याशी था तब आप सभी ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया, जिसके लिये मैं आप सभी का आभारी हूं। संतोष पांडे ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुये कहा कि भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री के लिये अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। खैरागढ़ के दौरे पर भूपेश बघेल ने कहा था, कि जल्द ही मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि नरेंद्र मोदी सीना ठोक कर 5 साल शासन करेंगे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चंदेल, टीलेश्वर साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, विकेश गुप्ता, हेमू साहू, शहर मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, खेमराज जैन, पार्षद अजय जैन, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयाश सिंह बोनी, राजीव चंद्राकर, शहर भाजयुमो अध्यक्ष शौर्यदित्य सिंह भानु, बिसेशर साहू, अनिल अग्रवाल, अजय आहूजा, हर्षवर्धन वर्मा, उत्तम दशरिया, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, हेमिन लाऊत्रे, प्रीति यादव, किर्ती वर्मा, जनपद सदस्य अरूणा सिंह, पार्षद मोनिका रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शांति समिति की औपचारिक बैठक, नहीं पहुंचे एक भी जनप्रतिनिधि

## शहर को लेकर गंभीर नहीं है चुने हुए जनप्रतिनिधि



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से 17 जून सोमवार को मुस्लिमों के त्यौहार बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। रविवार की इस बैठक में शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, मुस्लिम समाज के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों सहित लगभग पचास लोगों को आमंत्रित किया गया था लेकिन इस बार भी बैठक में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थित दर्ज नहीं की।

इस औपचारिक बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर नायब तहसीलदार झरना राजपूत, सीएमओ दादूसिंह पाल एवं प्रधान आरक्षक कोचेजी, आरक्षक झामेन्द्र वर्मा मौजूद रहे, वहीं पत्रकारों और मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थित संतोषजनक रही। बैठक में मुस्लिम समाज की ओर से बताया गया कि बकरीद के मौके पर कोई भी रैली आदि नहीं निकाली जायेगी और बारिश का मौसम देखते हुए त्यौहार मस्जिद में मनाया जायेगा और यदि मौसम खुला रहा तो ईदगाह में समाज के लोग इकट्ठे होगें।

गौरतलब है कि इस बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित एक भी पार्षद या अन्य कोई भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति नहीं रही जो कि इन चुने हुए जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति इन सभी की जिम्मेदारी के प्रति उदासीनता को दिखाती है। बैठकों में जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति और प्रशासन के कामकाज के तरीकों पर भी कई सवाल पैदा करती है। बैठक के टाईम टेबल में कार्यालय का नहीं खुलना, समय पर आमंत्रित लोगों का नहीं पहुंचना, बैठक में लिए गए निर्णयों और आम सहमति पर अधिकारियों का गंभीर नहीं होना सहित अनेक त्रुटियाँ है, जिसमें सुधार किया जाना चाहिए।

# पहला कॉलम...

## प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था के विरोध में 18 जून को अंबेडकर चौक में कांग्रेस का धरना

### केसीजी जिला में डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू को बनाया गया है प्रभारी

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश में विपक्ष में बैठी कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब अलग अलग मुद्दों को लेकर विपक्ष की राजनीति में एक्टिव मूड मे है और प्रदेश सरकार के खिलाफ माहौल बनाने कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देना चाहती। आजतक के इतिहास में ऐसा पहली बार हाल ही में देखने को मिला है, जहां दिल दहला देने वाली बलौदाबाजार जिले में हुए घटनाक्रम में



कलेक्टोरेट व एसपी कार्यालय में आगजनी तथा हिंसक घटनाओं के बाद कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर लचर कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर नेताओं की अगुवाई में मंगलवार 18 जून को प्रत्येक जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेगी। जिसके लिए रणनीति तैयार कर कांग्रेस पार्टी ने सभी जिलों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है।

बलौदा बाजार की घटना के बाद लचर कानून व्यवस्था का विरोध करते हुए कांग्रेस पार्टी 18 जून को जिला मुख्यालय खैरागढ़ में धरना प्रदर्शन करेगी। जिसके लिए डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू को खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला का प्रभारी बनाया गया है। जिनकी उपस्थिति में खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठेंगे।

## कांग्रेस का जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन 18 जून को

### बलौदा बाजार में हुए हिंसक मामले को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में बढ़ रही हिंसक एवं आपराधिक घटनाएं तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं लचर शासन प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन 18 जून 2024 को जिला मुख्यालय मोहला में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। प्रदेश की साय सरकार के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के धरना प्रदर्शन प्रभारी पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल तथा क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मंडावी तथा भोलाराम साहू एवं मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में संपन्न होगा।

## विधायक ने पुलिस शारीरिक दक्षता एवं लिखित टेस्ट परीक्षा के परीक्षार्थियों का उत्साह बढ़ाया



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ पुलिस शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों का उत्साह बढ़ाया विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि, प्रतिभागी पूरे जोश के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने मैं कोई कोर कसर न छोड़ें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम एसडीओपी श्री कुंजाम, थाना प्रभारी सी.आर. चंद्रा, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, जितेंद्र सिंग भाटिया, रामजी तराने, किरण मेश्राम, नरेश करशे साथ ही समस्त आयोजक किरण वर्मा, युवराज, डिकेन्द्र, ललित एवं पूरी एकेडमी टीम उपस्थित रहे।

## यूनियन क्लब में मेगा समर कैंप का समापन

रायपुर। राजधानी रायपुर में सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छ.ग. रीजन एवं यूनियन क्लब रायपुर के तत्वावधान में रायपुर के यूनियन क्लब मोतीबाग चौक में 1 मई से लेकर 15 जून तक मेगा समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, जहां उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिला। वहीं डेढ़ महीने तक चले इस मेगा समर कैंप का रविवार 16 जून को समापन किया गया।

# ग्राम अल्कानहार में एक खेत में मिली थी वृद्ध महिला की लाश



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह (भा.पु.से) के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंयक गुर्जर (भा.पु.से), देवचरण पटेल (सीपीएस), उप पुलिस अधीक्षक ताजेश्वर दीवान (नक्सल आप्स) मोहला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मंयक तिवारी के मार्गदर्शन में सायबर सेल मोहला एवम थाना औंधी की संयुक्त टीम गठित कर में हत्या के आरोपी गणेश्वर लकड़ा पिता बुधन लकडा उम्र 28 साल निवासी आलकन्हार थाना औंधी जिला मोहला मानपुर अं. चौकी को 16 जून को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दिया गया। आरोपी के द्वारा दिनांक 14 जून को बैल भगाने के नाम पर अपनी मा शनियो लकड़ा से विवाद पर आवेश में आकर हाथ में रखे कुल्हाडी से सिर मे चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया और घटना दिनांक से फरार हो गया था जो परिजनों व ग्रामीणों को देखकर छिप रहा था। रिपोर्ट पर मर्ग कमांक 11/24 धारा 174 जाफौ कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया गया, जाँच पर आरोपी गणेश्वर के द्वारा आवेश में आकर हत्या करना पाये जाने पर धारा 302 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है।

# कु. वेणु वर्मा ने फिर कराटे में नेशनल गोल्ड मेडल प्राप्त किया

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्राम कोलेन्द्र निवासी त्रिवेणी राजू वर्मा जनपद सभापति की सुपुत्री कुमारी वेणु वर्मा एक बार फिर कराटे में नेशनल गोल्ड मेडल पंजाब के अमृतसर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सफल हुई। कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में आयोजित नेशनल कराटे प्रतियोगिता में भी वेणु वर्मा ने द्रोणा रत्न प्राप्त कर अपने गांव एवं शहर, जिला एवं राज्य का नाम रोशन किया था। सभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# भाजपा सरकार में खैरागढ़ बना अपराध का गढ़ - मनराखन देवांगन

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस नेता व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा भाजपा सरकार आने से जिले में हत्या, चोरी, आत्मा हत्या, लूट पाट, छेड़छाड़, बलात्कार, गैर इरादतन हत्या, वाहन दुर्घटना, अवैध शराब अन्य प्रकार के घटना जिले में बढ़ते जा रहा है।

### भाजपा सरकार में फल-फूल रहा अवैध शराब का कारोबार

भाजपा एक तरफ शराबबंदी की बात करती है, दूसरी तरफ अपने चहेतों को चखना दुकान खुलवा रही है। छोटे-छोटे दुकान चलाने वालों के पेट में लात मारने का काम अगर कोई करता है, तो भाजपा सरकार है। सरकार की नियत सही नहीं, अवैध शराब के धंधे में मोटा फायदा होने की वजह से जिले के कई प्रभावशाली भाजपा नेता भी अवैध शराब के कारोबारियों के ऊपर हाथ रहता है। दो तरह की अवैध शराब जिले में खपाई जा रही है। एक दूसरे राज्यों से तस्करी कर लायी गई शराब के क्वार्टर में रैपर व मोनोग्राम बदलकर ठेकों के माध्यम से बिक्री की जाती है।

### चोरी के मामले में पुलिस अंधेरे में हाथ-पैर मार रही

लगातार चोरी के मामले दर्ज होने के बाद भी पुलिस के हाथ पूरी तरह खाली है। पिछले महीने से अब तक आधा दर्जन बड़ी चोरियों के प्रकरणों पर पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुँच पाई है। शहर के दाउचौरा में पत्रकार संघ के अध्यक्ष के घर से कार चोरी हुए 19 दिन हो गया, उसके बाद भी पुलिस अंधेरे में हाथ पैर मार रही है। सोनेसरार में अज्ञात वाहन से कुचल कर हुई मौत के मामले में भी पुलिस अब तक वाहन का पता नहीं कर पाई है।



### महीने भर में ही 112 मामले दर्ज

जिले में पिछले मई माह में ही 9 थाना चौकी क्षेत्रों में 112 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें चोरी, हत्या, छेड़खानी, लापरवाही से टक्कर मारने, गैर इरादतन हत्या, लूट के मामले शामिल हैं। इसमें सबसे ज्यादा 34 मामले खैरागढ़ थाने में ही दर्ज हुए हैं। इसमें मारपीट के 8, चोरी के 4, हत्या के 3, छेड़खानी के 5, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारने के 5, 304 ए के 2, और लूट का एक अपराध शामिल है। छुईखदान थाने में दर्ज किए गए 24 अपराधों में हत्या, छेड़खानी, गंडई थाने मे दर्ज 18 मामलो मे गैर इरादतन हत्या, मारपीट और चोरी, ठेलकाडीह थाने मे दर्ज 22 मामलों मे छेड़खानी, मारपीट, चोरी और बलात्कार, वाहन से ठोकने, गातापार जंगल थाने मे दर्ज 7 मामलों में चोरी, मारपीट छेड़खानी, मोहगांव थाने में दर्ज 2 मामलों में मारपीट, साल्हेवारा थाना में दर्ज किए गए 5 मामलों में छेड़खानी बलात्कार और 304 ए का मामला दर्ज किया गया है। यह सारी घटनाएं भाजपा सरकार की नाकामी को दर्शाता है।।

# सदगुरु कबीर आश्रम लखोली में 19 जून को प्रागट्य उत्सव

टेड़ेसरा (दावा)। सदगुरु कबीर प्रागट्य उत्सव जिला समिति राजनांदगांव के सानिध्य में सद्गुरु कबीर आश्रम लखोली में 19 जून दिन बुधवार को संपन्न होने जा रहा है। जिसमें सुबह 9:00 बजे दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ महंत राजू दास साहेब के द्वारा किया जाएगा एवं सुबह 10:00 बजे शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए प्रगति उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। दोपहर 2:00 बजे परम पूजनीय गुरु माता सुलक्षणा माता साहिबा दामाखेड़ा आगमन व स्वागत एवं निशान पूजा माता साहिब के कार्यक्रमों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए 3:00 बजे माता साहिबा के श्री मुख से प्रवचन सत्संग का लाभ एवं भेंट बंदगी पधारे हुए संत जनों के द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात 6:00 दामाखेड़ा से पधारे महंत राजू दास साहेब के कर कमलों से कबीर आश्रम प्रांगण में भजन सत्संग व चौका आरती संपन्न किया जाएगा। इसके पक्ष के सभी संत जनों के लिए विशाल सतगुरु भोजन भंडारा का व्यवस्था किया गया है। जिसमें खासतौर पर क्षेत्रीय टेड़ेसरा एवं आसपास के एवं पूरे जिले भर से कबीरपंथी समाज एवं आमीन माता महिला मंडल के सहयोग से



एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील किया गया है। जिसमें कभी पंथी जिला समिति के प्रमुख महंत साहेब एवं राजेश साहेब क्षेत्रीय समिति टेड़ेसरा के अध्यक्ष उत्तम साहेब, महेश साहेब, प्रकाश साहेब, नंदकिशोर साहेब, नेमू चंद साहेब एवं प्रक्षेत्रीय कबीर पंथी समाज के मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू के द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि राजनांदगांव जिले में इस तरह से भव्य तरीके से यह आयोजन पहली बार किया जा रहा है जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में कबीर पंथी समाज सतगुरु कबीर साहेब के प्रकट उत्सव मनाने उपस्थित होंगे।

## निष्प्रयोज्य एवं अन्य सामग्री की नीलामी 20 को

राजनांदगांव (दावा)। कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव की निष्प्रयोज्य घोषित भण्डार सामग्री की नीलामी गुरूवार 20 जून को सुबह 11 बजे होमगार्ड कार्यालय पुराना ढाबा राजनांदगांव में किया जाएगा। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में नीलामी की जाने वाली सामग्री का अवलोकन कर सकते है।

# बकरीद त्यौहार पर थाने में हुई शांति समिति बैठक



डोंगरगढ़ (दावा)। मुस्लिम समुदाय के दिनांक 17 जून को बकरीद का त्यौहार है। जिसे लेकर आज दिनांक 16 जून को थाना डोंगरगढ़ में एसडीओपी आशिष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश कुमार ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सी.आर. चन्द्रा द्वारा शांति समिति बैठक आहुत किया गया। जिसमें डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के सभी समुदाय वर्ग के लोग उपस्थित हुए।बैठक में सामाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ मुस्लिम समुदाय के बकरीद त्यौहार को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं चर्चा दौरान मीटिंग में उपस्थित हुये सम्मानित नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शांतिपूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखते हुये बकरीद त्यौहार बिना किसी लड़ाई-झगड़ा, बिना मारपीट, बिना हुड़दंग किये मनाने की अपील की गई है।

# माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाई महेश नवमी



डोंगरगांव (दावा)। शहर में माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व हर्ष उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव से ओमप्रकाश पोरवाल, संजय पोरवाल तथा राजेन्द्र डागा माहेश्वरी के विशेष आतिथ्य में समाज द्वारा भगवान शिवजी की पूजा अर्चना के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, महिला मंडल द्वारा महेश वंदना, स्वागत गीत एवं बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी, साथ ही सुन्दर कांड का आयोजन किया गया। समाज के वशिष्ठजनों में नारायणदास गांधी, रानीदान टावरी, शंकरलाल टावरी, प्रकाशचंद गांधी की गरिमामय उपस्थिति रही। अध्यक्ष जगदीश गांधी, सचिव सुनील टावरी, जिला सचिव गोपाल टावरी, सदस्यगण उमेश टावरी, नरेन्द्र टावरी, अमित गांधी, सचिव सुनील टावरी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ध्रुव गांधी एवं सिद्धि गांधी ने किया।

# लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एंड इंटेलेक्चुअल्स एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय लक्ष्य राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन संपन्न



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विष्णु लोधी छत्तीसगढ़ राज्य क्षत्रिय लोधी एम्पलाइज एंड इंटेलेक्चुअल्स एसोसिएशन व्दारा 7, 8, 9,जुन को आयोजित इन्दिरा गांधी कृषि महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार रायपुर में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ लक्ष्य राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन के अंतिम दिवस रविवार 9 जुन को कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ।

विष्णु लोधी ने आयोजक समिति को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा चाहे व्यक्तित्व निर्माण हो या समाज निर्माण दोनों में संप्रेषण की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। बिना संप्रेषण के न तो हम उन्नत समाज की कल्पना कर सकते है। और न ही स्पष्ट और अच्छे व्यक्तित्व की। हर व्यक्ति जन्म से अनूठा है, सभी में कुछ विशेष ऐसा है जो हमें औरों से अलग करता है। यही विशेषताएँ तय करती हैं कि हम कौन है और किसी भी परिस्थिति में हम किस तरह व्यवहार करेंगे। ज्यादातर समय हम अपनी उन विशेषताओं के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते है जो हमें नुकसान पहुंचाती हैं और फिर स्वयं को कमतर आंकने लगते हैं। हालाँकि हम ये जानते हैं कि हर कोई अपने आप में अनूठा है, बस आवश्यकता है तो अपने भीतर सोई हुई आकांक्षाओं को जगाने की और अपने व्यक्तित्व को निखारने की। यहीं पर व्यक्तित्व विकास की प्रक्रियाएँ/तकनीके मददगार होती हैं। अनेक आईएएस अधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया - तीन दिवसीय सम्मेलन में अनेक आईएएस अधिकारियों ने भाग लिया एवं सामाजिक गानों को मार्गदर्शन दिया। अतिथियों का स्वागत पश्चात प्रतिभागी परिचय, विचार प्रस्तुतीकरण, समूह चर्चा एवं अतिथियों का उद्बोधन हुआ साथ ही प्रतिभावान युवा, छात्र, छात्राओं एवं अतिथियों का सम्मान कर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में समाज के बुद्धिजीवियों ने बड़ी संख्या में शिरकत किया जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. गौरव कुमार सिंह आईएएस विश्वदीप, आईएएस अमरपाल लोधी, आईआरएस डॉ सत्येन्द्र सिंग, डा अवधेश पटेल, डा राकेश चंदेल, होमि महिकवार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, एफ आर वर्मा, चैनदास जंघेल, भगवती वर्मा, बी एल वर्मा, अशोक वर्मा, कृष्ण कुमार सिंगौर, प्रकार चंदेल, दीपक जंघेल, भूपेंद्र चंदेल, प्रकार चंदेल, विश्राम वर्मा, डोगेन्द्र वर्मा, ईश्वरी वर्मा, दुष्यंत जंघेल, चंद्रकांत सुलाखे, काशी राम राजपूत आदि बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन एवं विशेष रूप से युवा, छात्र-छात्राएं व महिलाएं उपस्थित रहे।

**व्यक्तित्व निर्माण हो या समाज निर्माण दोनों में संप्रेषण की अति महत्वपूर्ण भूमिका - विष्णु लोधी**

# पहला कॉलम...

## आरबीआई को लंदन में मिला 'रिस्क मैनेजर ऑफ द ईयर अवार्ड

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने रिस्क मैनेजर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 जीता है। यह अवार्ड लंदन का एक प्रमुख प्रकाशन सेंट्रल बैंकिंग प्रदान करता है। यह अवार्ड भारतीय रिजर्व बैंक के जोखिम संस्कृति और जागरूकता को बढ़ाने में किए गए प्रयासों को मान्यता देता है। इससे भारतीय वित्तीय प्रणाली की स्थिरता की सुरक्षा में आरबीआई की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि होती है। आरबीआई ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की है। आरबीआई ने लिखा कि लंदन की सेंट्रल बैंकिंग ने रिस्क मैनेजर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया है। आरबीआई को अपनी जोखिम संस्कृति और जागरूकता में सुधार की खातिर सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक का पुरस्कार दिया गया है। आरबीआई की तरफ से कार्यकारी निदेशक मनोरंजन मिश्रा ने पुरस्कार प्राप्त किया।

## देश का कोयला आयात 13 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंचा

नईदिल्ली । देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था।आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए।आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.74 करोड़ टन रहा। एक साल पहले समान महीने में यह आंकड़ा 1.51 करोड़ टन था। वहीं कोकिंग कोयले का आयात 47.7 लाख टन से बढ़कर 49.7 लाख टन पर पहुंच गया। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, ''मात्रा के लिहाज से आयात बढ़ा हैज् आगे चलकर, मानसून से पहले भंडारण करने की वजह से बिजली और गैर-विनियमित दोनों क्षेत्रों से मांग जारी रह सकती है।''

## 12 साल की लड़की, 72 साल का दूल्हा के दुल्हे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दुनिया भर से शादी को लेकर कई अजीबों-गरीब मामले सामने आते हैं. कुछ ऐसा ही मामला पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा से भी सामने आया है. यहां पिता ने अपनी 12 साल की लड़की की शादी 72 साल के बूढ़े से कराने की कोशिश की. जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इस शादी को रुकवा दिया. पुलिस ने इस मामले में दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया है. नाबालिग लड़की के पिता का नाम आलम सैयद है. इस मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि लड़की के पिता सैयद ने पांच लाख में अपनी बेटी को बेचने का सौदा किया था. उसने कहा था कि अगर शादी में इतने पैसे नहीं मिलें तो वो शादी नहीं करेगा. पुलिस ने निकाह से पहले वहां पर हस्तक्षेप करके इसे रुकवा दिया . इसके अलावा पुलिस ने दूल्हे हबीब खान और %निकाह ख्वान (जो शादी कराते हैं) को गिरफ्तार कर लिया है. लड़की का पिता मौके से फरार हो गया है. लड़की के पिता, दूल्हे और निकाह ख्वान के विरुद्ध विवाह अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. गौरतलब हैं कि पाकिस्तान में बाल विवाह के खिलाफ कानून लागू होने के बाद भी इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं. इससे पहले पाकिस्तान के राजनपुर और थट्टा में इस तरह की घटनाएं हुई थी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इसे रोका था.

## सिंगापुर में ईंधन युक्त पोत से टकराई नौका

सिंगापुर कुआलालंपुर (मलेशिया) । सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका और ईंधन आपूर्ति पोत में बड़ी खतरनाक टक्कर हो गई है। नाव काफी बड़ी थी जो एक विशाल ईंधन पोत से भिड़ गई। इससे समुद्र में कई गैलन तेल फैलने की आशंका जाहिर की जा रही है। समुद्र में तेल फैल जाने के कारण जलीय जीवन के अस्तित्व को भी खतरा पैदा हो गया है। अब फैले तेल को साफ करने का कार्य किया जा रहा है, जो रविवार को भी जारी रहा। बताया जा रहा है कि तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत च्मरीन ऑनरज् को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया।

# पाकिस्तान ने जीत के साथ टी20 विश्व कप से ली विदाई

**फ्लोरिडा। कप्तान बाबर आजम की सधी हुई बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने ग्रुप-ए के अपने अंतिम मुकाबले में आयरलैंड को तीन विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन जीत के साथ किया। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गेरेथ डेलानी के 31 रन और जोशुआ लिटिल के नाबाद 22 रनों की मदद से 20 ओवर में नौ विकेट पर 106 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन बाबर ने जिम्मेदारी से खेलते हुए 34 गेंदों पर दो चौकों की मदद से नाबाद 32 रन बनाए जिसके दम पर पाकिस्तान ने सात गेंद शेष रहते सात विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की।**



पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी पांच गेंदों पर दो छक्कों के सहारे 13 रन बनाकर नाबाद रहे। आयरलैंड की ओर से बैरी मैकार्थी ने तीन विकेट झटके। इससे पहले पाकिस्तान के गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया था और आयरलैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोकने में सफल रहे थे। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और स्पिनर इमाद वसीम ने तीन-तीन विकेट लिए थे और आयरलैंड की पारी को लड़खड़ा दिया था।

बाबर आजम ने भले ही 32 रनों की पारी खेली, लेकिन उन्होंने टी20 विश्व कप में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भारत को अपनी कप्तानी में 2007 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ा। बाबर के वैश्विक टूर्नामेंट में कप्तान के तौर पर 17 पारियों में 549 रन हो गए हैं, जबकि धोनी के नाम 29 पारियों में 529 रन हैं। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन हैं जिन्होंने 19 पारियों में 527 रन बनाए हैं।

### एक भी मैच नहीं जीत सका आयरलैंड

आयरलैंड की टीम का सफर भी ग्रुप-ए में समाप्त हुआ, लेकिन टीम एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी। आयरलैंड ने चार में से तीन मैच गंवाए, जबकि उसका अमेरिका के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ा जिसकी मदद से वह एक अंक हासिल करने में सफल रहा। ग्रुप ए में आयरलैंड की टीम सबसे नीचे पांचवें स्थान पर रही, जबकि पाकिस्तान चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही।

आयरलैंड ने पाकिस्तान को दिए शुरुआती झटके लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए। सबसे पहले मार्क एडायर ने सईम अयूब को आउट किया जो 17 रन बनाकर आउट हुए। फिर बैरी मैकार्थी ने मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया। रिजवान ने भी 17 रन बनाए। रिजवान और अयूब ने पहले विकेट के लिए 23 रन जोड़े थे और लग रहा था कि टीम आसानी से लक्ष्य का पीछा कर लेगी, लेकिन पहला झटका लगते ही पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा गई। पाकिस्तान ने पावरप्ले में दो विकेट पर 40 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप में उसका पहले छह ओवर में सबसे ज्यादा स्कोर है। इससे पहले पाकिस्तान ने अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट पर 30 रन, भारत के खिलाफ एक विकेट पर 35 और कनाडा के खिलाफ पावरप्ले में एक विकेट पर 28 रन बनाए थे।

### पाकिस्तान ने 10 रन पर गंवाए चार विकेट

पाकिस्तान के लिए असली परेशानी पावरप्ले के बाद शुरू हुई जब मैकार्थी और कर्टिस कैंफर ने आयरलैंड को लगातार सफलताएं दिलाई। पाकिस्तान का तीसरा विकेट 52 रन के स्कोर पर गिरा था। कैंफर ने फखर जमां को आउट कर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया था। फिर मैकार्थी ने उस्मान खान (दो रन) और शादाब खान को खाता खोले बिना आउट कर पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा दी। फिर कैंफर ने इमाद वसीम को आउट कर आयरलैंड को छठी सफलता दिलाई जो चार रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान ने इस तरह महज 10 रन पर चार विकेट गंवाए थे।

### बाबर आजम ने पाकिस्तान को संभाला

पाकिस्तान का स्कोर एक समय छह विकेट पर 62 रन था और टीम मुश्किल में नजर आ रही थी। हालांकि, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने दूसरे छोर से पारी को संभाला और सधी हुई पारी खेली। बाबर ने अब्बास अफरीदी के साथ सातवें विकेट के लिए 33 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। बाबर और अब्बास की साझेदारी ने ही पाकिस्तान को मुश्किल से उबारा, लेकिन बेंजामिन व्हाइट ने अब्बास को आउट कर पाकिस्तान को सातवां झटका दिया। अब्बास 21 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, बाबर अंत तक टिके रहे और उन्होंने टीम को मैच जिताया। शाहीन अफरीदी ने छक्का लगाकर मैच समाप्त किया।

## मीडिया पर भड़के मिचेल स्टार्क

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में स्कॉटलैंड को हरा दिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने लीग चरण का अंत अपने सभी मैच जीतकर किया है। इस टीम ने सुपर-8 में जगह पहले ही बना ली थी। स्कॉटलैंड के खिलाफ जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने मीडिया पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया की एक बात पर नाराजगी जाहिर की है।



स्टार्क ने अपने साथी जोश हेजलवुड के एक बयान को लेकर मीडिया पर निशाना साधा है। हेजलवुड ने कहा था कि अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच हार जाएगी तो इससे इंग्लैंड सुपर-8 की रेस से बाहर हो जाएगा और ये ऑस्ट्रेलिया के हित के लिए बेहतर होगा। स्टार्क ने कहा है कि हेजलवुड ने जो कहा वो मजाक था और मीडिया ने उसे गलत तरह से पेश किया।

ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच के बाद स्टार्क ने कहा कि उनकी टीम यहां मैच जीतने आई है। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि एक मजाक में कही बात को आप लोगों द्वारा अलग तरह से पेश किया गया है। आप यहां आकर दूसरे के मैच की परवाह नहीं करते हो। हम यहां मैच जीतने आए हैं। ये इंटरनेशनल क्रिकेट है। इंग्लैंड दूसरे ड्रॉ में है, इसलिए अगले तीन मैचों के लिए हमारे लिए ये बात मायने नहीं रखती। इसलिए मुझे लगता है कि उस बात को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को हराया, इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)। ऑस्ट्रेलिया ने देर से वापसी करते हुए स्कॉटलैंड को भारतीय समयानुसार रविवार को ग्रुप बी मुकाबले में पांच विकेट से हराकर उसकी क्वालीफाइंग उम्मीदों का अंत कर दिया जबकि ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से इंग्लैंड को टी 20 विश्व कप के सुपर-8 में प्रवेश मिल गया।

स्कॉटलैंड को आगे बढ़ने और इंग्लैंड की खिताब बचाने की उम्मीदों का अंत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराने की जरूरत थी। स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आखिरी ओवर तक जूझना पड़ा और उसने 19.4 ओवर में जाकर जीत हासिल की।

मार्कस स्टॉयनिस और ट्रेविस हेड ने अर्धशतक बनाये और चौथे विकेट के लिए 44 गेंदों में 80 रन की साझेदारी की।



स्कॉटलैंड को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित करने पर, एश्टन एगर को टीम में बुलाने का ऑस्ट्रेलिया का मास्टरस्ट्रोक अच्छा काम आया क्योंकि उन्होंने पहले ही ओवर में माइकल जोन्स को आउट कर दिया। लेकिन स्कॉटलैंड ने ब्रैंडन मैकमुलेन और जॉर्ज मुन्से के माध्यम से पावरप्ले में 54 रन बनाकर शुरुआती झटके पर तुरंत काबू पा लिया।

मुन्से ने 6-6-4 के शॉट लगाकर पांचवें ओवर का अंत किया, जो ग्लेन मैक्सवेल की गेंदबाजी का एक महंगा क्रम था। मैकमुलेन ने आठवें ओवर में सिर्फ 26 गेंदों पर अपने 50 रन पूरे कर लिए।

इसके बाद मैक्सवेल ने नौवें ओवर में मुन्से (23 गेंदों पर 35 रन) को आउट करके महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया, जिससे 89 रन की साझेदारी समाप्त हुई। ड्रिंक्स ब्रेक के समय स्कॉटलैंड 96/2 पर पहुंच गया और फिर कप्तान रिची बेरिंगटन एक चौके के साथ एक्शन में शामिल हो गए।

## दीप्ति शर्मा 2000 प्लस रन व 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

नई दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा साउथ अफ्रीका के खिलाफ के पहले वनडे मैच में प्लेइंग इलेवन में शामिल होते ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह भारत की तरफ से अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने उतरीं। इसके अलावा दीप्ति शर्मा वनडे में 2000 प्लस रन और 100 विकेट लेने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं।



भारत और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच तीन वनडे मैच की सीरीज का पहला मैच बेंगलुरू में खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने जहां आशा शोभना को डेब्यू करवाया तो वहीं दीप्ति शर्मा ने प्लेइंग इलेवन में जगह बनाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। दीप्ति शर्मा भारत की तरफ से 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने मैदान पर उतरीं।

यही नहीं भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। बल्लेबाजी करने के दौरान दीप्ति ने वनडे करियर में अपने 2000 रन पूरे किए। वह एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने वनडे करियर में 2000 से ज्यादा रन और 100 विकेट लिए हों। इससे पहले दीप्ति शर्मा के 200वें अंतरराष्ट्रीय मैच पर टीम के साथी खिलाड़ियों ने दीप्ति को बधाई दी।

## अमेरिका में भारतीय ज्वेलर के शोरूम में लूट



कैलिफोर्निया । अमेरिका में केलिफोर्निया के सनविले स्थित पीएनजी ज्वेलर के शोरूम में लूट की इस वारदात को अंजाम दिया गया। सीसीटीवी कैमरों में लूट की सारी वारदात कैद हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि चेहरे पर मास्क लगाए करीब 20 लुटेरे शोरूम में घुसते हैं। सभी लुटेरे शोरूम में लगे कांच के शो-केस तोड़ते हैं और वहां रखे आभूषणों को लूट लेते हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर किया गया है। बताया गया है कि शोरूम में सिर्फ एक गार्ड मौजूद था, जिस पर लुटेरों ने आसानी से काबू पा लिया। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि लुटेरो शोरूम के चारों और फैल जाते हैं और वहां रखे आभूषणों पर हाथ साफ कर लेते हैं। ऐसा लग रहा है कि लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए पहले से सुनियोजित रणनीति तैयार की गई थी क्योंकि सभी लुटेरे अलग अलग शो-केस को तोड़ते दिख रहे हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 17 जून 2024 )

| कल्याण | | | | | राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 | सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 89 | 98 | 07 | 10 | | 30 | 43 | 56 | 67 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 | मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 96 | 03 | 18 | 21 | | 45 | 56 | 65 | 70 |
| बुध | 0 | 1 | 2 | 3 | बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 09 | 14 | 23 | 30 | | 54 | 69 | 78 | 81 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 | गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 12 | 25 | 36 | 47 | | 63 | 76 | 85 | 92 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 | शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 29 | 34 | 41 | 58 | | 74 | 87 | 96 | 07 |
| शनि | 3 | 4 | 5 | 6 | | | | | |
| | 32 | 43 | 56 | 67 | | | | | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 0 | अंकों का बादशाह | | | | 0 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 9 | सप्ताह का वरदान | | | | 7 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 | सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 5 | 6 |
| स्पेशल | 31 | 42 | 56 | 87 | स्पेशल | 13 | 24 | 58 | 69 |

**सप्ताह में देखें**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 | 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 | 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 | 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 | 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 | 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 | 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 | 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 | 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 | 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 | 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | | राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | 66 | 70 | 02 | 16 | 42 | 40 | 21 | 25 | 27 | 63 |
| 00 | 63 | 94 | 44 | 46 | 34 | 08 | 51 | 87 | 57 | 81 |
| 27 | 63 | 50 | 53 | 72 | 62 | 72 | 20 | 53 | 41 | 55 |
| 29 | 75 | 90 | 82 | 70 | 65 | 41 | 58 | 97 | 66 | 47 |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -23-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# प्रथम पेज का शेष ....

**नीट 2024: एनटीए को लेकर खुलकर बोले शिक्षा मंत्री.....**

उनके रूख में भी बदलाव देखने को मिला है। वहीं परीक्षा के दौरान समय के हुए नुकसान की भरपाई के लिए ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों की एनटीए ने फिर से परीक्षा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। परीक्षा 23 जून का होगी, जबकि इसके परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। एनटीए ने इसके बाद सभी छात्रों की फिर से रैंकिंग जारी करने का एलान किया है। वहीं नीट-यूजी की काउंसलिंग भी छह जुलाई से शुरू हो रही है।

**संसद भवन परिसर में मूर्तियों की जगह बदलना सरकार की मनमानी : खडगे**

और सांसदों के चित्रों और मूर्तियों की स्थापना पर समिति' कहा जाता है लेकिन 2019 से समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित हितधारकों के साथ उचित चर्चा और विचार-विमर्श के बिना सरकार ने यह निर्णय लिया है जो संसदीय नियम और परंपराओं के खिलाफ हैं।

**वर्तमान-भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा संसद भवन का प्रेरणा स्थल**

परिसर कोई धरना स्थल नहीं है। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी, बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाओं को हटाने से पहले विपक्षी दलों से विचार-विमर्श नहीं करने से सवाल पर कहा, लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते यह हमारे अधिकार क्षेत्र में था और हमने अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला लिया, ताकि संसद भवन को देखने आने वाले लोग सिर्फ केलव महापुरुषों की प्रतिमाओं को ही न देखें, बल्कि देश के लिए किये गये उनके योगदानों और उनके शौर्य के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकें।

**ईवीएम बन गया 'ब्लैक बॉक्स', इसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं - राहुल**

किया, ऐसे में सवाल है कि आखिर राजग के उम्मीदवार के रिश्तेदार का मोबाइल ईवीएम से क्यों जुड़ा था। जहां वोटों की गिनती हो रही थी, वहां मोबाइल फोन कैसे पहुंचा। सवाल कई हैं, जो संशय पैदा करते हैं। चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

**लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में टीडीपी को समर्थन देगा इंडिया गठबंधन: संजय राउत**

है कि अगर लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्षी गठबंधन को नहीं मिला तो वे लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर सकते हैं।17वीं लोकसभा के दौरान उपाध्यक्ष का पद खाली रहा था। लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और 3 जुलाई को सत्र का समापन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी।

**शाह ने मीटिंग में कहा- आतंकवाद को कुचलें.....**

के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को एक साथ मिलकर संवेदनशील इलाकों की पहचान करनी होगी और उसके अनुरूप सुरक्षा तैयारियों को सुनिश्चित करना होगा।

**0 सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा**

अमित शाह ने साफ किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा एजेंसियों को सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी और कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार को सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी उपलब्धि बताते हुए शाह ने कहा कि जम्मू में भी इसी रणनीति के तहत काम करना होगा। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया।

**0 अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की तैयारी**

अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अमित शाह ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ-साथ ड्रोन व अन्य अत्याधुनिक तकनीक के जरिये पूरे यात्रा मार्ग की गहन निगरानी करने का निर्देश दिया। शाह ने साफ किया कि हर छोटी से छोटी खुफिया सूचना पर काम करना होगा और उसके तह तक पहुंचना होगा। आतंकियों के खिलाफ लड़ाई में जरा भी कोताही नहीं होनी चाहिए।

## वैश्विक रेटिंग एजेंसियों की राय, एक साल में नई ऊंचाइयों पर होगा शेयर बाजार

**नई दिल्ली। नई सरकार के गठन के बाद से भारतीय शेयर बाजारों में जोरदार तेजी देखी गई है। पिछले सप्ताह शेयर बाजार अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। शीर्ष रेटिंग एजेंसियों के अनुसार, अगले 12 महीने में सूचकांक नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे।**

खुदरा महंगाई में गिरावट के कारण लगातार दूसरे सप्ताह शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी क्रमशः 77,145 अंक और 23,490 अंक के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गये।

शेयर बाजार में एक तरफ विदेशी फंड पैसा लगा रहे हैं तो दूसरी ओर खुदरा निवेशक भी जमकर निवेश कर रहे हैं।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज के अनुसार, अगले एक साल में सेंसेक्स 82,000 अंक पर पहुंच सकता है यानि इसमें 14 प्रतिशत की तेजी आ सकती है।

मूडीज की हाल में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एनडीए के फिर से चुनाव जीतने से बाजार को होने वाला मुख्य फायदा नीतिगत पूर्वानुमान है, जो आने वाले पांच वर्षों में विकास और इक्विटी रिटर्न को प्रभावित करेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा मानना है कि बाजार आगे संरचनात्मक सुधारों की उम्मीद कर सकता है, जिससे हमें आय चक्र में अधिक विश्वास मिलेगा। वास्तविक दरों के सापेक्ष बढ़ती जीडीपी वृद्धि के साथ मैक्रो स्थिरता उभरते बाजारों के इक्विटी पर भारत के बेहतर प्रदर्शन को आगे बढ़ाएगी।

मूडीज के अनुसार, भारत का शेयर बाजार नई ऊंचाइयों को छू रहा है, और अब बहस इस बात पर है कि बाजार को भौतिक रूप से ऊपर क्या ले जा सकता है।

इसमें कहा गया है, हमारे विचार में, सरकार के जनादेश के परिणामस्वरूप नीतिगत परिवर्तन होने की संभावना है जो आय चक्र को लंबा करेगा और बाजार को आश्चर्यचकित करेगा।

# कंफ्यूज होकर नहीं, इस टिप्स को पढ़कर चुनें अपना करियर



प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद या उसी दौरान छात्र और उनके अभिभावक इस बात को लेकर चिंतित नजर आते हैं कि जीवन में सक्सेसफुल बनने के लिए कौन से विकल्प का चुनाव करना सही रहेगा. उनके दिमाग में तरह-तरह के सवाल, डर और घबराहट के साथ कई अन्य चीजें आती हैं. करियर विकल्प का चुनाव करते समय जो सबसे बड़ी बात होती है वो है कि कहीं हमारा लिया हुआ फैसला गलत साबित न हो जाए और बाद में पछताना न पड़े. आप इन चीजों से परेशान न हों इसलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे, जिससे करियर के बारे में फैसला लेना आपके लिए थोड़ा आसान हो जाएगा.

**अपने हित का सोचें** - आप जीवन में जो भी बनना चाहते हैं बन सकते हैं, लेकिन अंतिम उद्देश्य तो पैसा कमाना और अपने परिवार को खुश रखना ही होता है. इसलिए आपको इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि अपनी पसंद के अनुसार करियर का चुनाव करना एक बेहतर विकल्प होता है. इसमें आपके आगे बढ़ने की संभावना अधिक होती है.

**अपनी पसंद पर विचार करें** - आपको सबसे पहले अपने पसंद के बारे में सोचना चाहिए. आपकी इच्छा कौन सी जॉब करने की है, आप किस तरह के काम को करना पसंद करते हैं, ये सारी बातें जानने के बाद निर्णय लेने से सक्सेस जरूर मिलेगी. कई बार ऐसा होता है जब काम के दौरान लोग अपने काम से ऊब जाते हैं और उसे बीच में ही छोड़ देते हैं. इसलिए जरूरी है कि अपनी रुचियों के अनुसार निर्णय बनाएं.

**पसंद की एक लिस्ट बनाएं** - आपको जो भी काम करना पसंद है या जिसे करने में आपको मजा आता है और आप उस काम को घंटो तक बिना थके कर सकते हैं. ऐसे काम की एक लिस्ट बनाएं जिसमे कई तरह के काम हों, इसके बाद इसमें उपलब्ध विकल्पों के आधार पर आप अपनी जरूरतों को देखते हुए निर्णय ले सकते हैं कि आप किस जॉब या किस प्रोफाइल के लिए फिट बैठते है.

# विदेश में भारतीयों के लिए बंपर वैकेंसी, हायरिंग कर रहा जापान



दुनियाभर में भारतीय नागरिकों की स्किल्स की चर्चा होती है। इस बीच जापान में लगातार आबादी कम होती दिख रही है। जापान और भारत के रिश्तों को और मजबूती मिल सकती है। दरअसल, जापान का लक्ष्य है कि भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से स्किल्ड और टेक्निकल टैलेंट को अपनी तरफ आकर्षित किया जाए। ऐसे में, वीजा से जुड़े नए सुधार भी किए गए हैं।

जापान का लक्ष्य

जापान का लक्ष्य है कि 2030 तक फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट को 100 ट्रिलियन येन (जापानी मुद्रा) तक बढ़ाया जाए। निक्कीएशिया के अनुसार हाल ही में एक मीटिंग में जापानी कैबिनेट ऑफिस ने उन स्ट्रेटेजी पर चर्चा की, जिनके अंतर्गत इन्वेस्टमेंट को और बढ़ाया जा सके और दक्षिण पूर्व एशिया से हाइली-स्किल्ड टेक्निकल प्रोफेशनल्स को अपनी तरफ आकर्षित करें।

कहां-कहां जापानी सरकार का ध्यान ?

जापानी सरकार चार बड़े क्षेत्रों पर ध्यान जुटा रही है।

निवेश के अवसर बढ़ाना

स्किल्ड टेक्निकल स्टाफ को लाना

विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग बढ़ाना

घरेलू व्यापार और रहने के माहौल को बढ़ाना

जापान के नए वीजा नियम

जापान अलग-अलग इलाकों खासकर बाहरी क्षेत्रों में वर्कर्स की कमी को दूर करने के लिए 5 ईयर वर्क वीजा सिस्टम भी शुरू कर रहा है। यह सिस्टम कम स्किल वाले विदेशी वर्कर्स को कृषि, नर्सिंग देखभाल, निर्माण और विनिर्माण जैसे सेक्टर्स में काम करने के लिए जापान में एंटर करने में मदद करेगा।

# कैंडिडेट में डिग्री के साथ डिजिटल स्किल तलाश



डिजिटलाइजेशन ने आज हमारे रहने और काम करने के तरीकों को बदल दिया है। पिछले दशकों में एक कॉलेज डिग्री को रोजगार के सर्वथा योग्य समझा जाता था। लेकिन आज कंपनियां युवाओं के अंदर डिग्री के साथ - साथ डिजिटल स्किल भी तलाश रही हैं। डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइन, डेटा एनालिसिस्ट, कोडिंग और साइबर सिक्यूरिटी जैसी स्किल्स वाले युवाओं की भारी डिमांड है। ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स 2023 की रिपोर्ट के अनुसार 48 प्रतिशत ग्रेजुएट युवाओं को डिजिटल सेक्टर में जॉब मिल रही है। विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत को तकरीबन 30 मिलियन डिजिटली स्किल्ड युवाओं की तलाश है।

आज परफॉर्मेंस मार्केटिंग, एसईओ, कंटेंट मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइन जैसे क्षेत्र ऑनलाइन मार्केटिंग को गति प्रदान कर रहे हैं। इन क्षेत्रों में ज्वाइन कर रहे युवाओं को न सिर्फ आकर्षक वेतन दिया जा रहा है बल्कि उन्हें हर वर्ष सैलरी ग्रोथ के पर्याप्त अवसर भी मिल रहे हैं।

अब तक 2000 से अधिक युवा डिजिटल सेक्टर में अपनी पहली नौकरी शुरू कर चुके हैं। तो फिर देर किस बात की आप भी अभी दिए गए लिंक पर क्लिक कर रजिस्टर करें और डिजिटल सेक्टर में एक शानदार कॅरिअर की ओर अपना कदम बढ़ाएं।

आज किसी भी तरह की मार्केटिंग, ब्रांडिंग, सोशल मीडिया मटीरियल तैयार करने लिए हर कंपनी को ग्राफिक डिजाइनर की जरूरत पड़ती है। डिजाइन में रुचि रखने वाले युवा एडवांस ग्राफिक डिजाइन सीखकर 20 से 70 हजार रुपये प्रतिमाह आसानी से कमा सकते हैं। तो देर किस बात की क्ष्क्र ष्टशस्रद्ग को स्कैन कर रजिस्टर करें और डिजाइन की डिमांडिंग इंडस्ट्री में अपना शानदार कॅरिअर बनाने की ओर एक कदम बढ़ाएं।

ऐसे युवा जिन्हें एसईओ में अपना कॅरिअर बनाना है। वो आज एडवांस सर्टिफिकेशन इन डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम को 4000 रुपये की छूट पर मात्र 20,999 रुपये में दिया जा रहा है। कल कोर्स की फीस बढ़कर 21,999 रुपये हो जाएगी। ऐसे युवा जिनकी डिजाइन में रुचि है वह एडवांस ग्राफिक डिजाइन प्रोग्राम (19,999) में दाखिला ले सकते हैं।

आज दाखिला लेने पर कोर्स की फीस में युवाओं को 4000 रुपये की छूट दी जाएगी। युवा इन कोर्सेज की फीस जीरो प्रतिशत ब्याज पर 3 EMI में भी अदा कर सकते हैं।

# फैशन कम्युनिकेशन में बनाएं करियर

फैशन इंडस्ट्री के तेजी से हो रहे विस्तार से एक ओर जहां विदेशी ब्रांड और डिजाइनर कंपनियां भारत में धावा बोल रही हैं, वहीं कुछ भारतीय ब्रांड भी इंटरनेशनल ब्रांड्स को बराबरी की टक्कर दे रहे हैं. प्रतिस्पर्धा के इस दौर में किसी ब्रांड के लिए अपनी पहचान को बनाये रखना काफी मुश्किल होता जा रहा है. इस काम को आसान बनाते हैं फैशन कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स, जो डिजाइनिंग स्ट्रेटजी को प्रोडक्ट की सीमा से परे ले जाकर उसमें कम्युनिकेशन के सभी पहलुओं को शामिल कर उसे औरों से अलग बनाने और ग्राहकों में उस प्रोडक्ट व ब्रांड के प्रति विश्वसनीयता पैदा करते हैं. आप फैशन के क्षेत्र में रुचि रखने के साथ अच्छी कम्युनिकेशन की खूबी रखते हैं, तो फैशन कम्युनिकेशन में संभावनाएं तलाश सकते हैं.

क्या है फैशन इंडस्ट्री

फैशन कम्युनिकेशन एक ऐसा कोर्स है, जो मीडिया, फैशन और ग्राफिक डिजाइन, फैशन फोटोग्राफी, फैशन जर्नलिज्म एंड पब्लिकेशन, प्रोडक्ट लॉन्च, पब्लिक रिलेशन, एग्जीबिशन एंड इवेंट मैनेजमेंट जैसी कल्चरल इंडस्ट्री में प्रवेश करने का मौका देता है. यह एक ऐसा यूनीक कोर्स है, जो फैशन के क्षेत्र में रुचि लेनेवाले उम्मीदवार में किसी भी देश के फैशन उद्योग को प्रभावित करनेवाले आर्थिक कारकों जैसे साइकोलॉजी, फिलॉसफी, साइकोलॉजी आदि की समझ विकसित करता है. आप अगर स्वयं-प्रेरित व्यक्ति हैं, तो आप खुद ही मीडिया साक्षरता और बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल विकसित कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त आप किसी फैशन ब्रांड को पहचान दिलाना चाहते हैं, कैंपेन के माध्यम से किसी प्रोडक्ट को प्रमोट करना चाहते हैं, तो इसके लिए फैशन कम्युनिकेशन का क्षेत्र आपको वैचारिक, ऑडियो-विजुअल और लिखित संचार कौशल विकसित करने में सक्षम बनाता है. साथ ही आपको आर्ट डायरेक्शन, फोटोग्राफी, ग्राफिक्स, फैशन स्टाइल, कॉपीराइटिंग, फैशन जर्नलिज्म और एडवरटाइजिंग में श्रेष्ठ बनाता है.

एलिजिबिलिटी

किसी भी संकाय एवं विषय के साथ 12वीं पास करनेवाले उम्मीदवार फैशन कम्युनिकेशन के बैचलर डिग्री कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं. वहीं फैशन कम्युनिकेशन में बैचलर डिग्री करनेवाले उम्मीदवार मास्टर एवं डॉक्टरल लेवल प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं. फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में प्रवेश करनेवाले उम्मीदवार में रचनात्मक एवं गहन सोच, प्रशंसा करने की कला, विभिन्न प्रकार के परिवेश में छिपी रचनात्मकता को समझने की जागरूकता, समकालीन और ऐतिहासिक सांस्कृतिक सामग्री की समझ आदि गुणों का होना आवश्यक होता है. साथ ही उम्मीदवार में किसी सामग्री, बाजार, ग्राफिक्स, फोटोग्राफी और लेखन की जांच, विश्लेषण और मूल्यांकन करने की समझ होनी चाहिए. इसके अतिरिक्त उम्मीदवार में प्रोडक्ट मैनेजमेंट, कस्टमर बिहेवियर और मार्केट रिसर्च के प्रति गहरी रुचि होनी चाहिए.

करियर ऑप्शंस

फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में उन युवाओं के लिए बेहतरीन मौके हैं, जो डिजाइन स्ट्रेटजी, ब्रांड्स और पोर्टफोलियो आदि का काम करना चाहते हैं. साथ ही इस क्षेत्र में प्रवेश करनेवाले उम्मीदवार फैशन बिजनेस, रिटेल मर्चेंडाइजिंग, कम्युनिकेशन फील्ड जर्नलिज्म, टेलीविजन, इवेंट मैनेजमेंट आदि में करियर बना सकते हैं. इस कोर्स में बेसिक ऑफ डिजाइन, टेक्निकल ड्राइंग, फैशन स्टडी, प्रिंसिपल ऑफ मार्केटिंग, फैशन स्टाइल, फैशन जर्नलिज्म और पोर्टफोलियो डेवलपमेंट के बारे में बताया जाता है. कोर्स पूरा करने के बाद स्टूडेंट मार्केटिंग, मैनेजमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप, ब्रॉडकास्ट प्रोडक्शन, फैशन जर्नलिज्म, विजुअल मर्चेंडाइजिंग आदि में अपना करियर बना सकते हैं.

# सिर्फ डिग्री से नहीं बनता है कॅरियर



करियर में अच्छी ग्रोथ हासिल करने की पहली सीढ़ी एक अच्छी डिग्री होती है. हर छात्र अच्छे कॉलेज या यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेकर अपने करियर की नींव मजबूत कर लेता है. इसके लिए भी वे काफी रिसर्च करते हैं. उनकी किस कोर्स में रुचि है, भविष्य में क्या करना चाहते हैं, कौन सी यूनिवर्सिटी बेहतर रहेगी, वहां की फैकल्टी कैसी है, जॉब प्लेसमेंट की क्या गारंटी है.. जैसी चीजों पर खास फोकस किया जाता है. इसी से करियर को ग्रोथ हासिल होती है .

अब समय बदल रहा है. कंपनियां किसी को हायर करने से पहले एक अच्छी डिग्री के साथ ही कैंडिडेट की क्रिएटिव स्किल्स भी जज करती हैं. अगर आप किसी कंपनी में अपना सीवी शॉर्टलिस्ट कराना चाहते हैं तो अपनी फील्ड से जुड़ी हर तरह की जानकारी जुटा लें. करियर वर्कशॉप से लेकर इंटर्नशिप तक आपके करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं .

करियर काउंसिलर से सलाह है जरूरी

लिखना हो या अपने लिए बेस्ट करियर ऑप्शन के बारे में जानना हो, अपनी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर या करियर काउंसिलर से सलाह जरूर लें. कई विश्वविद्यालय इंटर्नशिप या प्लेसमेंट के अवसर देते हैं और उसके पहले ट्रेनिंग के लिए भी आवेदन कराते हैं. अच्छी नौकरी के लिए प्लेसमेंट के बारे में जानकारी जरूर हासिल करें.

### मेंटॉर सेशन से मिलेगी मदद

किसी भी फील्ड में सफल होने के लिए अनुभवी लोगों से बात करना जरूरी है. उनसे अपने क्षेत्र के बारे में जानकारी लें. मेंटॉर सेशन में फील्ड के एक्सपर्ट आते हैं, जो आपको जरूरी बातें सिखा सकते हैं. एक्सपर्ट से सलाह लेकर अपने करियर में आगे बढ़ना कारगर साबित हो सकता है. अपनी फील्ड के मेंटॉर सेशन में नौकरी के लिए अप्लाई करने का तरीका भी जाना सकते हैं.


### फायदेमंद साबित होगी इंटर्नशिप

सीवी को बेहतर और आकर्षक बनाने के लिए इंटर्नशिप करना जरूरी है. इंटर्नशिप में अनुभवी लोगों के साथ काम करके नई चीजें सीखी जाती हैं. वर्कप्लेस पर जाने से सॉफ्ट स्किल्स डेवलप करने में मदद मिलती है, जो करियर में सफल होने में मदद करेंगी. इंटर्नशिप आमतौर पर लगभग 3 से 6 महीने की होती है. ष्टश1द्बस्र 19 महामारी के बाद से कई कंपनियां वर्चुअल इंटर्नशिप भी दे रही हैं, जिन्हें अपने घर से किया जा सकता है.

### ऑनलाइन कोर्स से बढ़ाएं स्किल

कोविड-19 के बाद से कई स्टूडेंट्स ने ऑनलाइन कोर्स लेने शुरू किए हैं, जिससे काफी मदद मिलती है. अपनी सॉफ्ट स्किल्स और कम्युनिकेशन स्किल्स तो आप खुद डेवलप कर सकते हैं, लेकिन सीवी में स्किल्स ऐड करने के लिए ऑनलाइन कोर्स बेहतर साबित होते हैं. कई वेबसाइट फ्री कोर्स कराती हैं. कोर्स चुनने के लिए अपनी फील्ड के करियर ऑप्शन देख सकते हैं और उसमें जरूरी स्किल्स वाले कोर्स कर सकते हैं. इन कोर्स का डिप्लोमा अपने सीवी में लिख सकते हैं, जिससे एचआर पर अच्छा इंप्रेशन पड़ेगा.

# इन गलतियों से बचें वर्ना अधूरा रह जाएगा आईएएस बनने का सपना



साल की यूपीएससी सिविल सेवा प्री परीक्षा का आयोजन 16 जून 2024 के दिन देश के विभिन्न केंद्रों पर किया जाएगा. इसके लिए एडमिट कार्ड पहले ही रिलीज कर दिया गया है. वे कैंडिडेट जो इस साल की यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की सीएसई प्री परीक्षा में बैठ रहे हों वे ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर बताए गए स्टेप फॉलो करके एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं.

एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के साथ ही इस पर दिए निर्देशों को ठीक से पढ़ लें वर्ना परीक्षा वाले दिन आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. इस बारे में कोई भी जानकारी या डिटेल जानने के लिए यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जा सकते हैं.

इन नियमों का रखें ध्यान

यूपीएससी सीएसई प्री परीक्षा के आयोजन वाले दिन यानी 16 जून 2024 को एग्जाम देने जाने से पहले कुछ नियमों के बारे में जान लें. ये कुछ मुद्दे हैं जिनको लेकर अगर आपने कोताही बरती तो आपका आईएएस बनने का सपना टूट सकता है.

सबसे पहले अपने एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट निकाल लें और इसको अपने साथ जरूर लेकर जाएं. बिना इसके आपको केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा. केंद्र में प्रवेश से पहले आपको फोटो आईडी कार्ड का प्रिंट भी दिखाना होगा. एडमिट कार्ड के साथ ही अपना एक वैलिड फोटो आईडेंटिटी प्रूफ भी लेकर जाएं. इसका जिक्र ई- एडमिट कार्ड में होना जरूरी है.

इस बात का भी ध्यान रखें कि जिन कैंडिडेट की फोटोग्राफ एडमिट कार्ड में साफ नहीं होगी या जिनका नाम नहीं होगा उन्हें केंद्र में प्रवेश करने में परेशानी हो सकती है.

कैंडिडेट के पास एक ऑप्शन है कि वे अपने साथ एक फोटो आईडेंटिटी कार्ड की कॉपी और साथ में दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर जाएं. इसके साथ ही उनके पास अंडरटेकिंग होनी चाहिए जिसके बाद ही उन्हें एग्जामिनेशन में बैठने का मौका मिलेगा.

बेहतर यह होगा कि ई-एडमिट कार्ड में किसी प्रकार की परेशानी होने पर आप समय से यूपीएससी से संपर्क कर लें और अपनी समस्या का निदान करवा लें.

एग्जामिनेशन वेन्यू पर कम से कम 30 मिनट पहले पहुंच जाएं क्योंकि इसके बाद गेट बंद हो जाएंगे और आपको प्रवेश नहीं मिलेगा. तय समय के बाद किसी भी कैंडिडेट को केंद्र में एंट्री नहीं मिलेगी. सुबह के सेशन और दोपहर के सेशन, दोनों के लिए ही समय से पहले निकलें और समय से पहले पहुंचें.

अपने साथ किसी भी प्रकार का गैजेट ना ले जाएं. इसके अलावा अपने साथ किसी भी प्रकार की डिजिटल वॉच, किताब, एक्सपेंसिव ज्वेलरी आइटम, पर्स जैसी कोई चीज न ले जाएं.

परीक्षा देने जाने से पहले अपने कपड़ों पर भी गौर फरमा लें और बड़ी जेबों वाले, फुल आस्तीन के ऐसे कपड़े ना पहनें जिनमें तमाम फ्रिल या डिजाइन हो. हाई हील के जूते या चप्पलों से भी परहेज करें.

# भाजपा 23 जून से 6 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा मनायेगी, बनी रणनीति

रायपुर। छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश प्रभारी नीतिन नबीन ने आज प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कोर कमेटी, भाजपा विधायक दल एवं सांसद दल की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने चर्चा करते हुए कहा कि आज पार्टी की अलग-अलग श्रेणियां की बैठक भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के नेतृत्व में हुई। प्रथम बैठक कोर कमेटी, क्लस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक और सहसंयोजकों की हुई। दूसरी बैठक भाजपा विधायक दल की हुई जिसमें आगामी कार्य योजना को लेकर रणनीति बनाई गई।



भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने ली बैठक

उन्होंने कहा कि 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मनायेगी। इसमें सभी की सहभागिता और संगठन की दृष्टि से भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इन कार्यक्रमों के लिए सभी को जिम्मेदारी दी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि 21 जून को योग दिवस की कार्यक्रम को संगठन स्तर पर और साथ ही साथ सरकार के स्तर पर भी करने की योजना बनाई गई है। योग दिवस कार्यक्रम मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासनिक स्तर पर यह कार्यक्रम मनाया जाएगा। योग दिवस के कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी मंडल जिला एवं प्रदेश स्तर पर मनाएगी। इसके लिए कार्य योजना सुनिश्चित हो गई है और लोगों को जिम्मेदारी भी दी गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक क्षण है लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 10 में विजयश्री प्राप्त की है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर फिर से भरोसा किया है। भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की है। एक निश्चित कार्य योजना बनाकर बूथ के, मंडल के, जिले के, सभी कार्यकर्ताओं ने समन्वय बनाकर कार्य किया है।

बैठक में इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, संतोष पांडेय, रूपकुमारी चौधरी, राधेश्याम राठिया, श्रीमती कमलेश जांगड़े, चिंतामणि महाराज, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन, श्यामबिहारी जायसवाल, टंक राम वर्मा, लक्ष्मी रजवाड़े, दयालदास बघेल आदि मौजूद रहे।

# श्री देवानंद जैन ट्रस्ट चुनाव में खींचातानी, मामला पुलिस तक पहुंचा, सकल जैन समाज की हुई जीत

राजनांदगांव (दावा)। श्री देवानंद शिक्षण संघ की प्रायोजित साधारण सभा की बैठक में ट्रस्टी बनने को लेकर हुई दो पक्षों में खींचतान व लड़ाई झगड़े का माहौल बनने से मामला पुलिस तक पहुंच गया है। बताया जाता है कि ट्रस्टियों के चयन के लिए नाम आमंत्रित किए गए थे, जिसके लिए ट्रस्ट मंडल हेतु राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर एवं बालाघाट से 8 आवेदन आए थे। तत्पश्चात सचिव द्वारा चुनाव अधिकारी के रूप में अधिवक्ता प्रकाशचंद सांखला और सीए राजेश कुमार बाफ ना को नियुक्त किए जाने उपरांत ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष कमल पटवा की अनुमति से चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई।



प्रभात कांकरिया, मिश्रीलाल पारख रहे विजयी, दानदाता परिवार से मनीष गोलछा बने ट्रस्टी

इस पर नामांकन पश्चात नाम वापसी के लिए प्रत्याशियों को आपसी सहमति नहीं बन पाई, जिसके कारण चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया। इस बीच जिन प्रत्याशियों ने नामांकन भरा उन्होंने विरोध दर्ज करते हुए चुनाव का बहिष्कार कर दिया, जिससे माहौल गर्म हो गया और अध्यक्ष ने दो ट्रस्टी को साथ लेकर साधारण सभा की चलती मीटिंग तथा चुनाव प्रक्रिया चालू होने के बाद भी सभा स्थल से उठकर चले गए। परंतु उपस्थित सदस्यों के निवेदन पर चुनाव अधिकारियों द्वारा मतदान जारी किया गया तथा मतदान प्रक्रिया पूरी की गई। मतदान के पश्चात प्रभात कांकरिया एवं मिश्रीलाल पारख विजयी प्रत्याशी घोषित किए गए। साथ ही दानदाता परिवार से मनीष गोलछा को ट्रस्टी नियुक्त किया गया। संस्था के सचिव गौतम पारख ने सभी का आभार व्यक्त किया है। वहीं संस्था के अध्यक्ष का गैर जिम्मेदाराना हरकत के लिए उन्होंने दुख व्यक्त किया है।

# शहर के बालीबाल खिलाड़ी महेन्द्र ध्रुर्वे प्रशिक्षण के लिए 28 जुलाई को जाएंगे ईरान

राजनांदगांव (दावा)। शहर की सुप्रसिद्ध इंटरनेशनल खिलाड़ी रेखा पदम के परिवार के एक सदस्य बालीवाल खिलाड़ी महेन्द्र ध्रुर्वे अंडर 18 एशियाई गेम के प्रशिक्षण के लिए चयनित हुए है। उक्त प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए खिलाड़ी महेन्द्र ध्रुर्वे ईरान जा रहे है। आगामी 28 जुलाई से 4 अगस्त तक ईरान के बहरीन शहर में चलने वाले उक्त एशियाई गेम के प्रशिक्षण शिविर में जाने के लिए रवाना होंगे।



बता दे कि शहर के उक्त बालीबाल खिलाड़ी महेन्द्र ध्रुर्वे पंचकुला हरियाणा में 2022 में आयोजित खेलो इण्डिया में भाग ले चुके है। इसी तरह स्कूल मिनी नेशनल नह्लूर सहित स्कूल नेशनल कटप्पा (आंध्रप्रदेश) में अपने बालीबाल खेल का जौहर दिखा चुके है। धर्मपाल सिंह व माता श्रीमती संध्या ध्रुर्वे (पदम) के सुपुत्र महेन्द्र ध्रुर्वे शिरडी (महाराष्ट्र) में आयोजित राष्ट्रीय चैम्पियन व आइजोल मिजोरम में आयोजित राष्ट्रीय चैम्पियन शीप में छत्तीसगढ़ बालीबाल संघ से प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। महेन्द्र ध्रुर्वे छत्तीसगढ़ बालीबाल का पहला खिलाड़ी है, जिसने बालीबाल वर्ल्ड चैम्पियन शीप में अपने राज्य के साथ-साथ देश का प्रतिनिधित्व किया है। 16 वर्ष की आयु में ही भारत देश का प्रतिनिधित्व करने वाले बालीबाल खिलाड़ी महेन्द्र ध्रुर्वे, सैन जुनावा अर्जेन्टीना के अंडर-19 विश्व बालीबाल चैम्पियन शीप में भी 2 अगस्त से 11 अगस्त 2023 में भाग लिया था।




शहर के इस उत्कृष्ट बालीबाल खिलाड़ी महेन्द्र ध्रुर्वे के अंडर 18 एशियाई गेम के लिए 2 जुलाई से बैंगलोर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने जाने तथा 28 जुलाई से 4 अगस्त तक बेबीलोन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने ईरान जाने पर जिला बालीबाल संघ के गुरूजिन्दर सिंह, रूबी गरचा, मिर्जा आबिद हुसैन, शरद युनुस, बेजामिन युनूस आदि बालीबाल खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# अब 25 जून तक बंद रहेंगे प्रदेश के स्कूल, शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल की घोषणा



भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार का फैसला

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य के सभी स्कूलों में 25 जून तक अवकाश की घोषणा की है। अब राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल 25 जून तक बंद रहेंगे और 26 जून से खुलेंगे।

सांसद व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, छत्तीसगढ़ में गर्मी और हीटवेव तथा बच्चों को गर्मी में होने वाली परेशानी को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। अभिभावकों में भी बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है। बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि, बड़ी संख्या में अभिभावकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने के निवेदन आ रहे थे। जिसके चलते सरकार ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को 26 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया है। जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।


# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी जिलों में होंगे विशेष कार्यक्रम, सीएम रायपुर में करेंगे योगाभ्यास

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राजधानी रायपुर में सीएम विष्णुदेव साय योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। उपमुख्यमंत्री अरूण साव कोरबा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बिलासपुर में केन्द्रीय संघ राज्य मंत्री तोखन साहू, कांकेर में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कोरिया में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुद में मंत्री दयालदास बघेल, नारायणपुर में मंत्री केदार कश्यप, कबीरधाम में मंत्री लखनलाल देवांगन, बलौदाबाजार में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, जांजगीर-चांपा में मंत्री ओ.पी.चौधरी, धमतरी में मंत्री टंकराम वर्मा, राजनांदगांव में सांसद संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद चिन्तामणी महाराज, जशपुर में सांसद राधेश्याम राठिया, सुकमा में सांसद महेश कश्यप, गरियाबंद में सांसद रूपकुमारी चौधरी, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, बालोद में सांसद भोजराज नाग, सक्ती में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े शामिल होंगे। इसके अलावा रायगढ़ में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, बस्तर में विधायक किरण देव, दंतेवाड़ा में विधायक चैतराम अटामी, बीजापुर में विधायक नीलकंठ टेकाम, कोण्डागांव में विधायक लता उसेण्डी, मुंगेली में विधायक पुन्नुलाल मोहले, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में विधायक रेणुका सिंह, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में विधायक विक्रम उसेण्डी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विधायक संपत अग्रवाल, खैरागढ़-छुईखदान में विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी।

# पोठ लइका के तहत शंकरपुर में पालक चौपाल का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शंकरपुर वार्ड नं. 10 के केन्द्र क्रमांक-1 में पोठ लइका के तहत पालक चौपाल का आयोजन किया गया। उक्त चौपाल में पोठ लइका यानि कि मजबूत एवं स्वस्थ्य बालक के बारे में चर्चा की गई और उन कुपोषित बच्चों के उचित खान-पान एवं साफ-सफाई के संबंध में बताया गया। इस दौरान वार्ड की पार्षद पूर्णिमा नागदेवे एवं पर्यवेक्षक की उपस्थिति में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे मध्यम कुपोषित बच्चे, सैम और मैम तथा बच्चों के पालक एवं गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की माताए, गर्भवती महिलाए, धात्री माताएं व किशोरी बालिका व मितानीनों से तत्सम्बंधित चर्चा की गई और उन्हें पोठ लइका पहल के बारे में उचित देखभाल कैसे की जानी है बताया व समझाया गया। पालक चौपाल कार्यक्रम में पांच गर्भवती महिलाएं चार धात्री व 4 किशोर बालिकाए तथा कुपोषित बच्चों की माताएं अंजली मरकाम, भारती चंदेल, शंकुतला सिन्हा, माया यादव एवं मितानीन शशी प्रभा ठाकुर, शकुंतला आदि उपस्थित थी।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com